सोमवार, 22 सितम्बर 2025

मौसम

तापमान 26 – 32
आर्द्रता 76%
सूर्योदयः 5:25 सूर्यास्तः 17:35

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : सपनों का कोई महत्व नहीं जिसके लिए अपनों से छल करना पड़े।



मॉं शैल पुत्री : नवदुर्गा की पहली शक्ति

पृष्ठ 2


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# आज से महंगाई पर 'ब्रेक'

## रसोई के सामान से लेकर दवाइयां, गाड़ियां तक होंगी सस्ती

**नयी दिल्ली :** रसोई में इस्तेमाल के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां और उपकरणों से लेकर वाहन तक लगभग 375 वस्तुएं सोमवार यानी आज से सस्ती हो जाएंगी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती आज से ही लागू होने जा रही हैं। घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, केचप, जैम, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी आम इस्तेमाल की चीजें और टीवी, एयर कंडीशनर (एसी), वॉशिंग मशीन जैसे महंगे उत्पाद भी सस्ते हो जाएंगे। अधिकांश दवाओं और फॉर्मूलेशन और ग्लूकोमीटर और डायग्नॉस्टिक किट जैसे मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी दर को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आम आदमी को दवाएं सस्ती मिलेंगी। सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे घर बनाने वालों को भी फायदा होगा। सरकार ने पहले ही दवा दुकानों को जीएसटी में कटौती के लाभ को ध्यान में रखते हुए अपने अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में बदलाव करने या कम कीमत पर दवाएं बेचने का निर्देश दिया है। जीएसटी दर में कटौती से सबसे बड़ा फायदा वाहन खरीदारों को होगा, क्योंकि छोटी और बड़ी कारों पर कर दरें क्रमशः 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत कर दी गई हैं। कई कार कंपनियों ने पहले ही कीमतों में कटौती की घोषणा कर दी है। सेवाओं की बात करें तो, स्वास्थ्य क्लब, सैलून, नाई की दुकान, फिटनेस सेंटर, योग आदि सौंदर्य और फिटनेस सेवाओं पर जीएसटी को इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत से घटाकर, बिना कर क्रेडिट के पांच प्रतिशत कर दिया गया है। बालों में लगाने वाले तेल, साबुन, शैम्पू, टूथब्रश, टूथपेस्ट जैसे रोजमर्रा के सामान भी सस्ते हो सकते हैं, क्योंकि इन पर टैक्स कर दर 12/18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दी गई हैं। टेलकम पाउडर, फेस पाउडर, शेविंग क्रीम, ऑफ्टरशैव लोशन जैसी अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें भी कम हो सकती हैं, क्योंकि इन पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो गया है। आज से जीएसटी में दो स्लैब होंगे। अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत का कर लगेगा। विलासिता की वस्तुओं के लिए कर की दर 40 प्रतिशत होगी। वहीं तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर के साथ उपकर लगेगा।

## हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना होगा, जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे : मोदी



जीएसटी दरों में कटौती लागू होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे। मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से 'जीएसटी बचत उत्सव' शुरू होगा और आयकर छूट के साथ यह ज्यादातर लोगों के लिए ''दोहरा लाभ'' होगा। संशोधित जीएसटी दरों के लागू होने की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी देश की समृद्धि को उसी तरह मजबूती देगा, जिस तरह इसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को शक्ति दी थी। उन्होंने कहा, ''हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना होगा। हमें हर दुकान को स्वदेशी (सामान) से सजाना होगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की दौड़ में सभी राज्य समान हितधारक होंगे। उन्होंने राज्यों से 'आत्मनिर्भर भारत' और स्वदेशी अभियानों को ध्यान में रखते हुए विनिर्माण को गति देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, ''नवरात्रि के पहले दिन, देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, ''आप अपनी पसंद की वस्तुएं ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे... इससे गरीब, मध्यम वर्ग, नव मध्यम वर्ग, युवा, किसान, महिलाएं, व्यापारी और दुकानदार लाभान्वित होंगे।''

## तेजस्वी की 'बिहार अधिकार यात्रा' में मोदी की दिवंगत मां को फिर दी गई गालियां

**पटना :** बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी तेज होने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को आरोप लगाया कि राजद नेता तेजस्वी यादव की 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां को गालियां दीं। पिछले महीने प्रदेश के दरभंगा जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के लिए बनाए गए मंच से एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर अपशब्द कहे थे। भाजपा नेता और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने 'एक्स' हैंडल से एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, ''तेजस्वी यादव ने एक बार फिर मोदी जी की दिवंगत माता का अपमान किया है।''

# फिर घुटनों पर आया पाकिस्तान

## गिल-अभिषेक की तूफानी पारी में उड़े पाक प्लेयर्स



दुबई : भारत ने एशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर विजयी अभियान जारी रखा है। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी की और 39 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए और गिल ने 28 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। पहले विकेट के लिए दोनों ने 105 रनों की साझेदारी की। मौजूदा टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए किसी भी विकेट के लिए पहली 100+ साझेदारी है।

## केंद्र जीएसटी दरें घटाने का अनुचित श्रेय ले रहा : ममता

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दावा किया कि केंद्र जीएसटी दरें कम करने का अनुचित श्रेय ले रहा है, जबकि यह पहल राज्य ने की थी। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन में दिये उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सोमवार को नवरात्र के पहले दिन से ''जीएसटी बचत उत्सव'' शुरू होगा, जो आयकर छूट के साथ मिलकर अधिकांश लोगों के लिए ''डबल बोनैंजा'' होगा। प्रधानमंत्री का नाम लिए बिना बनर्जी ने कहा, ''हम 20,000 करोड़ रुपये का राजस्व खो रहे हैं, हालांकि हम जीएसटी कम होने से खुश हैं। लेकिन आप (मोदी) इसका श्रेय क्यों ले रहे हैं? हमने जीएसटी की दरें घटाने की मांग की थी। केंद्रीय वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) के साथ जीएसटी परिषद की बैठक में हमारा यही सुझाव था।''



चेतला अग्रणी क्लब में मां दुर्गा का चक्षु दान करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

## केंद्र किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोप रहा: प्रधान



**चेन्नई :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि केंद्र किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहा है। प्रधान ने उन लोगों को ''राजनीति से प्रेरित'' बताया जो यह दावा करते हैं कि केंद्र, राज्यों पर त्रि-भाषा नीति थोप रहा है। उन्होंने कहा, ''हम किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहे हैं। कक्षा पहली और दूसरी के लिए द्वि-भाषा का फॉर्मूला होगा। एक मातृभाषा होगी। यहां तमिल भाषा होगी। भारत सरकार की शर्त है कि आपको प्राथमिक विद्यालय में तमिल में पढ़ाना होगा। आप अपनी पसंद की कोई अन्य भाषा पढ़ा सकते हैं।'' प्रधान 'थिंक इंडिया दक्षिणापथ शिखर सम्मेलन 2025' में शामिल होने के बाद आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी कामकोटि की मौजूदगी में पत्रकारों से बात कर रहे थे। त्रि-भाषा नीति के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कक्षा छठी से दसवीं तक त्रि-भाषा फार्मूला लागू है। उन्होंने कहा, ''एक भाषा मातृभाषा होगी। बाकी दो आपकी पसंद की होंगी। भारत सरकार किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपेगी।'' उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में त्रि-भाषा नीति कैसे लागू की जा रही है, इस बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा, ''हम उस राज्य में भी इसे लागू कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों को छोड़ दें तो कई राज्य सरकारें राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पहले त्रि-भाषा नीति लागू कर रही हैं।'' प्रधान ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में छात्र हिंदी को मातृभाषा के रूप में सीखेंगे। इसके बाद, वे मराठी और तमिल भी सीख सकते हैं।

## यदि भगवान राम अयोध्या में मुस्कुरा सकते हैं, तो कृष्ण क्यों नहीं?: मोहन यादव

**मथुरा :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जब भगवान राम अयोध्या में अपने मंदिर में मुस्कुरा रहे हैं, तो अगर भगवान कृष्ण भी मुस्कुराएं तो इसमें क्या गलत है। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश शर्मा द्वारा वृंदावन में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और शहीदों की स्मृति में केशव धाम में आयोजित भागवत कथा के समापन समारोह में शामिल होने आए यादव ने कहा, हमने अयोध्या में रामलला को मुस्कुराते हुए देखा है। यह बदलता युग है। जब राम लला मुस्कुरा रहे हैं, तो क्या गलत है, कृष्ण कन्हैया भी मुस्कुराएं। उन्होंने कहा, यह भी आनंद आना चाहिए। ध्वनि चारों दिशाओं से आ रही है। यादव ने किसी का नाम लिये बगैर कहा, जो बहरे हैं वे अपने कान ठीक कर लें, जिनकी आंखों में समस्या है वे साफ देख लें.... हम ज़्यादा दूर नहीं हैं।


॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ श्री बीरां बरजी देव्यै नमः ॥ ॥ श्री हनुमंते नमः ॥
श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति
गोयनका मंदिर, 63, पार्वती घोष लेन, कोलकाता-7
नवरात्र उत्सव
सोमवार, दिनांक 22.09.2025 से बुधवार, दिनांक 01.10.2025 तक
विशेष आकर्षण : ध्वजा उत्सव, चुनड़ी उत्सव, गजरा उत्सव, डांडिया उत्सव
कृपया दादी सेवा निधि (संग्रह पात्र) साथ अवश्य लाएं
कीर्तन समय : दिनांक 22.09.25 से 28.09.25 सायं 5 से रात्रि 8.30 बजे तक
दिनांक 29.09.25 से 01.10.25 दोपहर 2 से सांय 5.30 बजे तक
प्रतिपदा : सोमवार, 22.09.2025 श्रीमती मंजू-सज्जन जी गोयनका
द्वितीया : मंगलवार, 23.09.2025 श्रीमती मंजू-राजकुमार जी गोयनका
तृतीया : बुधवार, 24.09.2025 गोयनका महिला समिति
तृतीया : गुरुवार, 25.09.2025 श्रीमती शिल्पा-आलोक जी गोयनका
चतुर्थी : शुक्रवार, 26.09.2025 श्री गोविन्द राम जी गोयनका, श्रीमती कुसुम-पवन जी गोयनका
पंचमी : शनिवार, 27.09.2025 श्रीमती-बीना-भगवती प्रसाद जी गोयनका
षष्ठी : रविवार, 28.09.2025 श्रीमती नीलम-जीतेन्द्र जी गोयनका
सप्तमी : सोमवार, 29.09.2025 श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति
अष्टमी : मंगलवार, 30.10.2025 श्रीमती प्रभा-राजकुमार जी गोयनका
नवमी : बुधवार, 01.10.2025 श्रीमती राधा-राजकुमार जी गोयनका
सम्पर्क सूत्र : 8961534475, 9831088373, 9331013882, 9330811561
:: उत्सव आयोजन समिति :: सभी गोयनका सपरिवार आमंत्रित है।
अध्यक्ष: पवन गोयनका (लॉईस) | सचिव: सुभाष चंद्र गोयनका | कोषाध्यक्ष: कमल कुमार गोयनका
प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, पवन कुमार गोयनका (पंचवटी), शिव कु. गोयनका, निर्मल गोयनका, श्रवण कुमार गोयनका, प्रदीप कु. गोयनका, राम रतन गोयनका, विजय गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), विपुल अग्रवाल, शिव रतन गोयनका, विमल कुमार गोयनका, अजय गोयनका
सौजन्य : Peekay Group of Companies
Branches : Mumbai • Bangalore • Delhi • Ahmedabad
7/1, Lord Sinha Road, 'Lords' 506 Kolkata-71
M: 9831000161, E:pawan@peekay.co.in, W:www.peekay.co.in



उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी
सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।
मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।
सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



Haldiram's Prabhuji
खुशियों की असली मिठास
भुजिया
खट्टा मीठा
चटपटा
काजू बर्फी
गुलाब जामुन
रसगुल्ला
सोन पापड़ी
Haldiram Bhujiawala Limited
Regd. Office : P-420, Kazi Nazrul Islam Avenue, VIP Road, Kolkata - 700 052
Burrabazar : 9, Jagmohan Mullick Lane, Kolkata - 700 007



DURGA PUJA
Diwali
CHHATH PUJA
दुर्गापूजा, विजयादशमी दीपावली एवं छठपूजा की हार्दिक शुभकामनायें
निवेदक
जायसवाल विकास मंच
129, बेलिलियस रोड, हावड़ा-711101
(बेलिलियस पार्क)
श्री हरिशचन्द जायसवाल
प्रधान संरक्षक

## संकट से मुक्ति को पंजाब की मदद करे केंद्र

यह अच्छी बात है कि केंद्र की राजग सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। राज्य सरकारों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को भरपूर समर्थन का वायदा किया है। हालांकि, यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य तब तक हासिल नहीं किया जा सकता है, जब तक कि अंतर्राष्ट्रीय साजिश से नशे के संकट को झेल रहे राज्यों में सबसे संवेदनशील पंजाब के हालात पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। पंजाब में सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के कारोबार की साजिश से पंजाब किस हद तक त्रस्त है, इस सप्ताह की शुरुआत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी की 2024 की रिपोर्ट से वह भयावह तसवीर उभरती है। एनसीबी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान से इस सीमावर्ती राज्य में आये ड्रग्स से लदे ड्रोनों के देखे जाने और बरामद होने की घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखी गई है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चिंता जतायी है कि सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के लिये ड्रोन का इस्तेमाल भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इन हालात को देखकर कानून प्रवर्तन और सीमा सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। दरअसल, चिंता की बात यह है कि ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह जोखिम भरे पारंपरिक जमीनी तरीके अपनाने के बजाय हवाई मार्ग से तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। यह स्थिति कितनी विकट है नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पेश आंकड़ों से यह पता चलती है। एनसीबी के अनुसार पिछले साल भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की तस्करी के 179 मामले दर्ज किए गए, जिसमें सबसे अधिक 163 मामले पंजाब में थे। उसके बाद राजस्थान में पंद्रह और जम्मू-कश्मीर में एक मामला सामने आया। इससे इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि बरामदगी की बहुत ज्यादा घटनाओं के बावजूद पंजाब सीमा पार के नशे तस्करों के लिये सबसे अच्छा विकल्प बना हुआ है।

नशा तस्करों के खतरनाक मंसूबे देखिए कि हाल में पंजाब में बाढ़ के दौरान नशा तस्कर आपदा में अवसर तलाशते रहे। इन आपराधिक तत्वों ने हाल में आई बाढ़ का फायदा उठाकर नावों और टायर-ट्यूबों के जरिये भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की है। इसके साथ यह भी चिंताजनक स्थिति है कि विदेशी गैंगस्टर नशीले पदार्थों के देश के तस्करों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इस संकट को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जो पंजाब के लोगों के लिये जानलेवा साबित हो रहा है। राज्य में, देश में पकड़ी गई हेरोइन का 45 फीसदी बरामद होना पंजाब की नशे की दलदल की गहराई को दर्शाता है। वहीं राज्य में पिछले साल 2.9 करोड़ नशे की गोलियां बरामद होना बताता है कि नशे का संकट कितना भयावह हो चला है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश में 51 लाख नशे की गोलियां बरामद की गई। पहले व दूसरे नंबर का अंतर भी स्थिति की विकटता को ही दर्शाता है। विडंबना यह है कि राज्य के ग्रामीण इलाकों के युवा हेरोइन और कोकीन के तस्करों के लिये आसान निशाना बन रहे हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कुछ महीने पहले सही ही कहा था कि नशीले पदार्थों का संकट अब केवल व्यक्तिगत लत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून के शासन के लिये खतरा पैदा करना शुरू कर दिया है। निस्संदेह, पंजाब सरकार के 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान को केंद्र सरकार की नशा मुक्त पहल के साथ जोड़ कर चलाया जाना चाहिए। यह स्पष्ट है कि पंजाब में आने वाली नशीली दवाओं की आपूर्ति अब अन्य राज्यों में भी की जा रही है। देश के सीमावर्ती राज्यों पंजाब, असम, मिजोरम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व जम्मू-कश्मीर में यह संकट गहरा रहा है। जहां विदेशों में बैठे नशा तस्करों द्वारा देश में नशे का जहर भेजा जा रहा है। नार्को आतंकवाद से निपटने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तथा राज्यों के बीच भी बेहतर तालमेल वक्त की जरूरत है।

# माँ शैल पुत्री : नवदुर्गा की पहली शक्ति

प्रथम देवी शैल पुत्री की उत्पत्ति माँ आदि शक्ति जगदम्बा सम्पूर्ण जगत के कल्याण हेतु प्रकट हुई हैं। चाहे वह राक्षस समूह की पीड़ाओं से देवताओं को छुटकारा दिलाना हो या फिर जीवन चक्र में नाना विधि दुःखों से घिरे मानव को रोग, शोक, दुखों को दूर करने की बात हो, माँ भवानी का रूप इतना कल्याण कारी है, कि इनके दर्शन पूजन से व्यक्ति को वांछित फलों की प्राप्ति होती है। इसी हेतु हमारे ऋषियों के द्वारा ईश्वरी शक्ति, माँ की अर्चना की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है। इसी कारण ऋषियों ने वर्ष में दो बार उपस्थित नवरात्रों में देवी के प्रत्येक रूप की पूजा का विधान बताया है। मां भवानी के नव रूप होने से पुराणों में उन्हें नवदुर्गा कहा गया है। जिनकी पूजा अर्चना का क्रम नव दिनों तक चलता रहता है। माँ दुर्गा के कल्याण प्रद स्वरूप में प्रथम नवरात्रि की देवी शैली पुत्री हैं। माँ जगदम्बा का प्रथम रूप शैलपुत्री अति कल्याणकारी है। माता का यह रूप बहुत ही सुप्रसिद्ध है, इनकी उत्पत्ति के विषय में कहा जाता है कि इन्होंने पर्वतराज श्री हिमालय के घर में जन्म लिया है और यह शैलपुत्री के नाम से इस संसार में प्रसिद्ध हुई है। माँ अपने वाहन के रूप में वृषभ को स्वीकार किया है। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल तथा बाये हाथ में कमल शोभायमान हो रहा है। इनके माथे पर चंद्रमा विराजित है। यह भक्तों के रोग व पीड़ाओं को दूर करती है। इन्हें पार्वती, शैल सुता, दक्ष, सुता, हेमवती तथा शैली पुत्री के नाम से जाना जाता है।

**शैल पुत्री की पूजा का विधान**

माँ शैल पुत्री श्री दुर्गा का प्रथम रूप है, अतः इनकी पूजा शास्त्रीय ढंग से बड़े विधान के साथ करना चाहिए। अतः पहले दिन माँ के निमित्त विविध प्रकार की विहित पूजन की समाग्री को संग्रहित करके शौचादि क्रियाओं से निवृत्त होकर षोड़षोपचार विधि से करना चाहिए। यदि सम्भव हो तो दुर्गा सप्तशती का पाठ करें या करवाएं और क्षमा प्रार्थना करना चाहिए। फिर पूजा का समर्पण करते हुए पूजा को सम्पन्न करना चाहिए।

**शैलपुत्री की कथा**

पूर्व जन्म में यह प्रजापति दक्ष की कन्या थी इनका विवाह अन्नत अविनाशी भगवान शिव के साथ हुआ था। ऐसा पौराणिक



कथानक प्राप्त होता है, कि एक बार प्रजापति दक्ष कोई यज्ञानुष्ठान कर रह थे। जिसमें सभी कन्याओं सहित संबंधित लोगों को यज्ञ में आमंत्रित किया गया था, किन्तु भगवान शिव व पार्वती को नहीं बुलाया गया। क्योंकि वह किसी बात से शिव जी नाराज थे। समय आने पर जैसे ही सभी देवता व देवियां दक्ष कन्याएं अपने वाहनों से जाने लगी तभी माँ दक्ष सुता ने वाहनों के शोर व जाते हुए वाहनों को देखकर भगवान शिव से पूछा कि यह वाहन कहा जा रहे हैं आदि, तब भगवान शिव ने सारा वृतांत उन्हें कह सुनाया। जिससे उन्हें ज्ञात हुआ कि यह यज्ञ उनके पिता दक्ष के यहाँ हो रहा है। अतः वह जाने का निश्चिय कर लेती है। किन्तु भगवान शिव उन्हें बिना बुलाएं नहीं जाने देने की सलाह देते है। कहते है भावी बड़ी प्रबल होती है। फिर भी माँ ने कहा कि आखिर हैं तो मेरे पिता का ही घर अतः हे नाथ! मुझे जाने की आज्ञा दे। इस तरह आपसी सलाह से भगवान शिव उन्हें अपने गणों के साथ भेजते हैं। किन्तु माँ के वहाँ पहुंचने पर प्रजापति दक्ष ने उन्हें सम्मान नहीं दिया। अर्थात् उनके विषय मे कुछ हाल-चाल आदि नहीं पूछा, जिससे सम्पूर्ण सभा में यह बात फैल गई, कि दक्ष का विरोध तो भगवान शिव के साथ है, पर वह कन्या का क्यों निरादर कर रहें हैं। इतना ही नहीं, सम्पूर्ण यज्ञ में भगवान शिव व पार्वती के यज्ञ में विहित भाग को भी नहीं दिया। जिससे दक्ष सुता को बड़ी ग्लानि हुई और इस अपमान को सहकर शिव के सम्मुख भला कैसे जाती और वह अपने शरीर को उसी हवनात्मक यज्ञ में अपने तेज से भस्म कर दिया। जिससे सम्पूर्ण दक्ष समाज में हाहाकार हो गया और वहाँ मौजूद शिव गणों ने यज्ञ को विध्वंश कर दिया। अर्थात् दक्ष प्रजापति को भगवान शिव के कोप का भाजन बनना पड़ा। किन्तु देवी ने पुनः हिमालय पर्वत के यहां जन्म लेकर पुनः तप द्वारा भगवान शिव का वरण करती है। जिनका नाम शैल सुता या पुत्री है और वृषभ धारी भगवान शिव जिनके पति है। जिनका स्मरण भक्त जनों का कल्याण करने वाला है।

**शैलपुत्री के मंत्र**

माँ शैली पुत्री के यद्यपि अनेक मंत्र यथा स्थान विभिन्न संदर्भो में दिए गए है। अतः जरूरतों के अनुसार मंत्रों का उच्चारण व जाप किएं जाने का विधान है। माँ के कुछ उपयोगी मंत्रः-

**ऐश्वर्यं यत्प्रसादेन सौभाग्यारोग्यसम्पदः।**
**शत्रुहानि परो मोक्षः स्तूयते सा न किं जनैः।।**
**न तेषां जायते किंचिदशुभं रणसंकटे। नापदं तस्य पश्यामि शोकदुःखभयं न हि।।**

# महान राजा और समाज सुधारक थे महाराजा अग्रसेन



रमेश सर्राफ धमोरा

**22 सितम्बर जयन्ती पर विशेष**

महान राजा और समाज सुधारक महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष अग्रसेन जयंती मनाई जाती है। जिन्होंने अग्रवाल समुदाय की स्थापना की और समाज के लिए समानता, सामाजिक कल्याण, और भाईचारे के सिद्धांतों को बढ़ावा दिया। इस दिन को उनके विचारों और आदर्शों के प्रति समर्पण दर्शाने और सामुदायिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से उनके संदेश को फैलाने के लिए मनाया जाता है। महाराजा अग्रसेन का जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा वल्लभ सेन के घर हुआ था। जिसे दुनिया भर में अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुये थे। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था कि यह बालक बहुत बड़ा राजा बनेगा। इस के राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे।

महाराजा अग्रसेन ने शासन प्रणाली में एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया था। उन्होंने वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी। महाराजा अग्रसेन एक कर्मयोगी थे जिन्होंने सभी के लिए समृद्धि की कामना की। उन्होंने अहिंसा का आदर्श अपनायाजिसमें उन्हें पशु बलि की निरर्थकता का एहसास हुआ। इस अहसास ने उन्हें 'अहिंसा' के सशक्त नायकों में से एक बना दिया।उन्होंने सभी जानवरों की बलि पर प्रतिबंध लगा दिया। हालाँकि अहिंसा में उनके विश्वास का मतलब उत्पीड़न का विरोध न करना नहीं था बल्कि उन्होंने आत्मरक्षा को बढ़ावा दिया। उनके अनुसार आत्मरक्षा और राष्ट्ररक्षा केवल क्षत्रियों - योद्धा जाति का कार्य नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी मातृभूमि की रक्षा करे।

महाराजा अग्रसेन भगवान राम के वंशज और भगवान श्रीकृष्ण के समकालीन थे। वे राजा राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी की संतान थे।महाराजा अग्रसेन को अहिंसा के प्रतीक, शांति के दूत के रूप में जाना जाताहै।महाराजा अग्रसेन त्याग, करुणा, अहिंसा, शांति, समृद्धि के अवतार और एक सच्चे समाजवादी थे।महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईंट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की छोटी-छोटी मदद से समान समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है।

महाराजा अग्रसेन एक सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे। जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए वणिक धर्म अपना लिया था। महाराज अग्रसेन ने नाग लोक के राजा कुमद के यहां आयोजित स्वंयवर में राजकुमारी माधवी का वरण किया। इस विवाह से नाग एवं आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि



गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया।

माना जाता है कि यज्ञों में बैठे 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश की स्थापना हुई। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ उनके द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया। एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी अग्रवाल समाज में प्रचलित है।

महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नये राज्य की स्थापना के लिए महाराज अग्रसेन ने अपनी रानी माधवी के साथ सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें एक जगह शेर तथा भेडिये के बच्चे एक साथ खेलते मिले। उन्हें लगा कि यह दैवीय संदेश है जो इस वीरभूमि पर उन्हें राज्य स्थापित करने का संकेत दे रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे अग्रोहा नाम से जाना जाता है। वह जगह आज के हरियाणा के हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। यहां महाराज अग्रसेन और मां लक्ष्मी देवी का भव्य मंदिर है।

उन्होंने परिश्रम और उद्योग से धनोपार्जन के साथ-साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर वैश्य जाति को व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर आत्म-रक्षा के लिए शस्त्रों के उपयोग की शिक्षा पर भी बल दिया। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और खुशहाली की निशानी माना जाता था। महाराज अग्रसेन ने बहुत सारे यज्ञ किए। महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता।

महाराजा अग्रसेन पर अनगिनत पुस्तके लिखी जा चुकी हैं। सुप्रसिद्ध लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र जो खुद भी अग्रवाल समुदाय से थे। उन्होने 1871 में अग्रवालों की उत्पत्ति नामक एक प्रामाणिक ग्रंथ लिखा है। जिसमें विस्तार से इनके बारे में बताया गया है। 24 सितंबर 1976 में भारत सरकार द्वारा 25 पैसे का डाक टिकट महाराजा अग्रसेन के नाम पर जारी किया गया था। सन 1995 में भारत सरकार ने दक्षिण कोरिया से 350 करोड़ रूपये में एक विशेष तेल वाहक पोत (जहाज) खरीदा जिसका नाम महाराजा अग्रसेन रखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 का आधिकारिक नाम महाराजा अग्रसेन पर है।

आज का अग्रोहा ही प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित अग्रवालों का उद्गम स्थान आग्रेय है। अग्रोहा हिसार से 20 किलोमीटर दूर महाराजा अग्रसेन राष्ट्र मार्ग संख्या 10 के किनारे एक साधारण गांव के रूप में स्थित है। जहां पांच सौ परिवारों की आबादी रहती है। इसके समीप ही प्राचीन राजधानी अग्रेह (अग्रोहा) के अवशेष के रूप में 650 एकड भूमि में फैला महाराजा अग्रसेन धाम हैं। जो महाराज अग्रसेन के अग्रोहा नगर के गौरव पूर्ण इतिहास को दर्शाता हैं। आज भी यह स्थान अग्रवाल समाज में पांचवे धाम के रूप में पूजा जाता है। अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने यहां पर बहुत सुंदर मन्दिर, धर्मशालाएं आदि बनाकर यहां आने वाले अग्रवाल समाज के लोगो के लिए बहुत सुविधायें उपलब्ध करवायी है। इतिहास में महाराज अग्रसेन परम प्रतापी, धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष के रूप में उल्लेखित हैं। देश में जगह-जगह महाराजा अग्रसेन के नाम पर बनायी गयी स्कूल, अस्पताल, बावड़ी, धर्मशालाएं आदि महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों का आधार हैं। जो मानव आस्था के प्रतीक हैं।

पांच हजार वर्ष पहले महाराज अग्रसेन द्वारा प्रतिपादित समानता, समाजवाद और अहिंसा के विचार भारत के वर्तमान संविधान की भावना हैं। लेकिन हम भारतीय इन आदर्शों को अपने जीवन में नहीं उतार पाए हैं। वे हमारे संविधान में केवल शब्द बनकर रह गए हैं। अब यह हम पर निर्भर है कि हम अपने पूर्वज को श्रद्धांजलि के रूप में इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। महाराजा अग्रसेन जी ने हमें व्यापार और आर्थिक विकास के सिद्धांत दिए थे। वहीं वैदिक धर्म, संस्कृति और आदर्शों का पालन करते हुए समाज के सभी वर्ग के लोगों की उन्नति के लिए समान अवसरों के निर्माण पर भी उन्होंने जोर दिया था। -लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

# मोबाइल भक्ति कीचड़ महोत्सव



रामविलास जांगिड़

सड़क पर बरसाती पानी, पानी में कीचड़ और कीचड़ में हैं- रीलनाथ महाराज! इनकी आत्मा में अब इंसानियत से ज्यादा इंस्टाग्राम बसा हुआ है। शरीर की हर नस-नस में फेसबुक घुस चुका है। बादलों की गरज, बिजली की चमक और गड्ढों की खाई के बीच मोटरसाइकिल थरथराई और महाराज सीधे कीचड़ में जा गिरे। आम आदमी गिरने पर कराहता, कोई हड्डी-पसली देखता, कोई उठाने दौड़ता। पर हमारे महाराज का ध्यान अपने पैर पर नहीं, न ही खून की धार पर, बल्कि सीधा जेब पर गया। जेब में रखे परम पूज्य मोबाइल महाराज सुरक्षित थे। जैसे ही स्क्रीन चमकी और बैटरी का नीलापन प्रकट हुआ, उनके चेहरे पर भी दीप्ति छा गई। रील महाराज को संसार का सारा सुख मिल गया- वाह! मोबाइल बच गया! यह वाक्य उन्होंने ऐसे बोला मानो किसी युद्ध से विजयी लौटे हों।

कीचड़ में लथपथ देखकर राहगीरों ने सोचा कि यह बेचारा शर्मिंदा होगा। मगर रीलनाथ जी तो उलटे शास्त्रीय नृत्य मुद्रा में खड़े हो गए। जैसे भरतनाट्यम में अर्धमंडली होती है, वैसे ये कीचड़मंडली में प्रवेश कर गए। एक पैर में फ्रैक्चर, दूसरा पैर कीचड़ में धँसा पर चेहरे पर वही रील वाला स्माइल। भरतनाट्यम नर्तक जब ताल पर ता-थैया-थैया करता है जैसे ही हमारे महाराज मोबाइल कैमरे पर टा-रील-रील कर रहे थे। अंग संचालन, हस्त मुद्रा, यहाँ तक कि अभिनय भी सटीक। दर्द का अभिनय, मगर कैप्शन में लिखा- फील द रेन, लव द पेन! गाड़ी टूटी, पैर टूटा, मगर मोबाइल न टूटा! यही है आधुनिक जीवन का शास्त्र! पहले लोग गीता पाठ करते थे, अब इंस्टाग्राम का। पहले दर्शन को मंदिर दौड़ते थे, अब मोबाइल स्क्रीन पर लाइव दर्शन होते हैं। चोट लगने के बाद सामान्य इंसान डॉक्टर को बुलाता है, पर हमारे महाराज ने पहले फिल्टर लगाया। चोट पर खून बह रहा था, मगर उसे देख उन्होंने कहा- अरे! नैचुरल रेड इफेक्ट, इसको मत पोंछो। बड़ी मेहनत से आया है।

महाराज ने शास्त्रीय नृत्य की एक और मुद्रा में हाथ उठाया और बोले- अस्पताल से बढ़कर तो इंस्टाग्राम है, जो मेरे दुख को लाइक और कमेंट से दूर कर देगा। बस फिर क्या था। तुरंत ही उन्होंने कीचड़ में लेटकर, कीचड़ लपेटकर स्लो मोशन शॉट लिया। हाथ ऊपर, आँखें बंद और बैकग्राउंड में बरसात! आज प्राथमिकता बदल गई है। हड्डी टूट जाए, पर मोबाइल टूटना नहीं चाहिए। भक्त भगवान के नाम पर प्रसाद बाँटते हैं, वैसे ही लोग अब अपने मोबाइल के नाम पर रील्स बाँट रहे हैं। रीलदास जी अब 'रीलचरितमानस' लिख रहे हैं। चौपाई है- 'कीचड़ पड़ियो मनुज अभागा। बचा मोबाइल भयो अनुरागा।। याहि भया युगीन धर्मा। रील बनाना रीयल कर्मा।।' भीड़ ने देखा कि महाराज अब पूरी तरह शास्त्रीय नर्तक बन चुके हैं। चोटिल पैर को हवा में उठा-उठाकर नृत्य करते हुए कह रहे हैं- यह मेरा नया स्टेप है, फ्रैक्चर डांस। इसे कीचड़ महोत्सव में पेश करूँगा। किसी ने पूछा- मगर पैर का क्या होगा? रील महाराज बोले- पैर फिर से जुड़ जाएगा, पर ट्रेंडिंग रील फिर ना मिलेगी। रीलनाथ जी आज भी अस्पताल के बेड पर लेटे हुए हैं। पैर पर लंबा प्लास्टर चढ़ा है, हाथ में मोबाइल और प्लास्टर पर कैप्शन है- लाइफ इज़ शॉर्ट, मेक इट ए रील, एंजॉय मड डांस!

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 सितम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 26:57 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 11:21 तक, योग : शुक्ला, 19:51 तक, सूर्योदय: 5:25, सूर्यास्त: 17:35, चन्द्रोदय : 05:37, चन्द्रास्त: 17:46, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 06:58 से 08:28

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के क्षेत्र में आपको सफलता प्राप्त होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक तनाव से छुटकारा मिल सकता है।

**वृष :** कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति अच्छा बनी रहेगी, जिससे आपको संतोष महसूस होगा। आपके दिमाग को रिलैक्स फील होगा। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन :** आर्थिक मामले में व्यय की स्थितियां बन सकती हैं। ऐसे में आपको खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। हालांकि, कार्यक्षेत्र में आप जो भी काम करेंगे वह बहुत आसानी से पूरा हो जाएगा।

**कर्क :** आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है और व्यापार के मामले में आप सफलता हासिल करेंगे। इसी के चलते पराक्रम में वृद्धि होगी, जिससे कार्यक्षेत्र में विरोधी भी चकित रह जाएंगे।

**सिंह :** आपको सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में उत्सव का माहौल बना रहेगा।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आप पर काम का भार अधिक रह सकता है, जिसके चलते आप पूरे दिन व्यस्त रहेंगे और मेहनत भी अधिक करनी होगी। अपने जूनियर्स के सहयोग की जरूरत भी पड़ सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए व्यापार के मामले में अच्छा रहने वाला है और आपकी आय में वृद्धि होगी। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। व्यापार में आपको अच्छे लाभ मिलेंगे।

**वृश्चिक :** राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जिसके अनुभव से आपको भविष्य में लाभ होगा।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में आपको विरोधी परास्त होंगे और आपके प्रोजेक्ट सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ते जाएंगे। राजनीतिक सहयोग प्राप्त होगा। लेकिन आपको वाणी पर संयम रखना होगा।

**मकर :** आपको कोई विशेष सम्मान या उपहार प्राप्त हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, कार्यक्षेत्र में किसी पुरानी महिला मित्र के सहयोग से आपको अचानक धन लाभ हो सकता है।

**कुम्भ :** दिन बेहतरीन रहने वाला है और भाग्य का भी साथ मिलेगा। संतान की ओर से कोई खुशी मिल सकती है। वहीं, कार्यक्षेत्र में बड़ी मात्रा में धन प्राप्त होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन :** कामकाज के सिलसिले में आपको दिनभर अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऐसे में आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से प्रशंसा भी प्राप्त होगी। पिता भी आपकी तारीफ करेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3215

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | 8 | | ■ | |
| 9 | 10 | | 11 | ■ | 12 | | ■ | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | 21 | 22 | ■ | |
| 23 | | | 24 | ■ | 25 | | | ■ | |
| | ■ | ■ | 26 | | | ■ | 27 | 28 | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | ■ | | ■ |

*बायें से दायें :-* 2) अपूर्ण, 4) देशस्तरीय, 6) परंपरानिष्ठ, 9) कीचड़, 12) अल्प, 13) निरंतर, 14) घना, 15) नासमझ, 16) सौदे-बाज़ी, 18) हालत, 20) सुलझन; खुलासा, 23) संयोगवश, 25) सैनिक, 26) करेला नीम चढ़ा, 27) ठकठक, 29) अत्याचार, 30) धर्मग्रहण.

*ऊपर से नीचे :-* 1) आशा तो है, 2) संख्या, 3) ठीक; उचित; नृत्य, 4) बेगम, 5) जसोमति, 7) गर्व; अभिमान, 8) गीत, 10) पतली कोमल वस्तु का हिलना, 11) प्रेम-संबंध, 13) प्रमाणपत्र, 17) *हिंदी में सोशलिस्ट,* 19) जिस्मानी, 21) आक्रमण; छापा, 22) पति की बहन, 23) विचित्र, 24) भौचक्का, 28) चकित; निरुत्तर; सुन्न.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ■ | बा | हे | र | ■ | ठ | सा | ठ | स |
| ला | ■ | ज़ा | ■ | त | ना | ■ | व | ■ | भ्य |
| म | नो | र | म | ■ | क | र्ण | धा | र | ■ |
| त | ■ | भा | त | ■ | का | ■ | नी | ■ | झू |
| ■ | पा | व | ■ | क | न | क | ■ | मी | ठा |
| उ | षा | ■ | छीं | टा | ■ | ले | कि | न | ■ |
| ■ | पी | ■ | ■ | र | वि | वा | र | ■ | क़ |
| भ | य | भी | त | ■ | शा | ■ | कि | रा | या |
| द्वा | ■ | म | हे | सू | ल | ■ | री | ■ | स |

## सुडोकू-पहेली-3172

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 2 | 8 | | 3 | 7 | |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | 7 | 4 | | | | |
| 8 | | | 4 | | | 2 | 5 | |
| | | 4 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 2 | 3 | | | | | | | |
| | 8 | | | | 3 | | | |
| | | | | | 9 | | 2 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3171 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 7 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 3 | 8 | 1 | 9 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 |

# ममता ने महालया के अवसर पर लोगों को शुभकानाएं दीं

## 'जागो बांग्ला' मुख पत्र का किया विमोचन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य के लोगों को महालया के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और तृणमूल कांग्रेस के मुखपत्र 'जागो बांग्ला' (बंगाल जागो) के शरदकालीन अंक का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महालया के अवसर पर सभी को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने इस दिन के महत्व का भी उल्लेख किया, जब लोग 'तर्पण' (पितरों के लिए प्रार्थना) जैसे अनुष्ठान करते हैं। ममता ने सोशल मीडिया मंच पर एक संगीत वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने इसका गीत लिखा और इसके लिए संगीत भी तैयार किया है। दोपहर में, मुख्यमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस के




'जागो बांग्ला' मुख पत्र का शरदकालीन संस्करण जारी किया तथा पर्यटन और सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री इंद्रनील सेन, जो एक प्रसिद्ध गायक भी हैं, के साथ एक भक्ति गीत गाया। इसके बाद, उन्होंने कालीबाड़ी झील में पूजा-अर्चना की और निकट में एक दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया।

### अभिषेक बनर्जी ने महालया के अवसर पर लोगों को शुभकानाएं दीं

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी महालया के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सवों में निहित एकजुटता की सार्वभौमिक भावना को रेखांकित किया, जिसे यूनेस्को विरासत का दर्जा प्राप्त है। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एक अन्य पोस्ट में लोगों को महालया और आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि जो लोग यह झूठा दावा कर रहे थे कि बंगाल में दुर्गा पूजा मनाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, वे अब कह रहे हैं कि राज्य दुर्गा पूजा की भावना और उत्साह से सराबोर है। जब से यूनेस्को ने बंगाल की दुर्गा पूजा को विरासत का दर्जा दिया है, वे अपना रुख बदल रहे हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है।


मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाबूबगान दुर्गा महोत्सव का उद्घाटन किया

### एसएससी ने जारी की कक्षा 11-12 की उत्तर कुंजी

**कोलकाता, समाज्ञा**

स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने कक्षा 11 और 12 के लिए राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) 2025 की आंसर की जारी कर दी है। उम्मीदवार इसे आधिकारिक वेबसाइट westbengalssc.com पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 25 सितंबर तक किसी भी प्रश्न पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उत्तर कुंजी डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को अपनी लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करना होगा। यदि उम्मीदवार प्रोविजनल आंसर की से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे प्रत्येक प्रश्न पर 100 रुपये शुल्क देकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

# टीएमसी का बड़ा निर्णय: पार्षद अब नहीं बन सकेंगे वार्ड अध्यक्ष

## 2026 विधानसभा चुनाव से पहले संगठन में सख्ती

**कोलकाता :** 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठाने जा रही है। पार्टी ने तय किया है कि नगर निगमों के पार्षद अब अपने वार्ड के संगठन के अध्यक्ष (वार्ड अध्यक्ष) नहीं बन सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, इस नियम को विशेष रूप से कोलकाता नगर निगम क्षेत्र में कड़ाई से लागू किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, अगले सप्ताह टीएमसी के राज्य अध्यक्ष सुब्रत बक्सी उत्तर और दक्षिण कोलकाता जिला नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। बैठक में विधायकों को भी बुलाया गया है और वार्ड अध्यक्षों के चयन को लेकर उनकी राय ली जाएगी।

पार्टी की आंतरिक सर्वे रिपोर्ट भी तैयार है। हालांकि यह आशंका जताई जा रही है कि यदि पार्षद की जगह उनके परिवार का कोई सदस्य अध्यक्ष बनता है, तो इस नियम का असर कम हो सकता है। इसलिए टीएमसी विचार कर रही है कि स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ नेताओं को वार्ड अध्यक्ष बनाया जाए।

# महालया के साथ बंगाल में दुर्गोत्सव का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** महालया के साथ ही रविवार से पितृपक्ष का समापन हो गया। इसके साथ ही पूरे पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा की शुरुआत हो गई है। अमावस्या तिथि पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालु गंगा तटों पर जुटे और पितृ तर्पण कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कोलकाता के बाबू घाट, फेरी घाट, निमतला घाट समेत सभी प्रमुख घाटों पर स्नान और तर्पण के लिए भारी भीड़ उमड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों ने तिल, पुष्प और चावल के साथ पितरों का तर्पण कराया। इस दिन, राज्य में परंपरा के अनुसार सुबह 5 बजे आकाशवाणी पर बिरेंद्र कृष्ण भद्र की आवाज में महिषासुरमर्दिनी पाठ का प्रसारण हुआ। इसे सुनकर देवी पक्ष का शुभारंभ माना जाता है। इसी क्षण से श्रद्धालु मानते हैं कि मां दुर्गा स्वर्ग से धरती पर उतर आती हैं और



अपने मायके पहुंचती हैं। इसके बाद पूरे राज्य में ढाक-ढोल, मंत्रोच्चार और दुर्गा स्तुति के साथ आराधना का वातावरण बन जाता है।

❑ **मौसम ने बढ़ाई चिंता**

इधर, मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूजा के दौरान बारिश खलल डाल सकती है। बंगाल की खाड़ी में बने नए निम्न दबाव और सक्रिय मौसमी हवाओं के चलते अगले बुधवार तक कई जगह भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। विभाग का अनुमान है कि दशहरे के पूरे दौरान छिटपुट बारिश होती रहेगी। इस वजह से पूजा आयोजक और श्रद्धालु दोनों ही चिंतित हैं।

# विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में मतदान केंद्रों का डाटाबेस तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने विधानसभा चुनाव 2026 से पहले राज्य के सभी मतदान केंद्रों का विस्तृत डाटाबेस तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका मकसद मतदाताओं को उनके निर्धारित मतदान केंद्र की पूरी जानकारी पहले से उपलब्ध कराना है। सीईओ कार्यालय से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार, कई पुराने मतदाताओं के बूथ इस बार बदले जा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि आगामी चुनावों में मतदान केंद्रों की संख्या में करीब 17 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। 2021 विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनावों की तुलना में 2026 में कुल बूथों की संख्या बढ़कर 94 हजार से अधिक हो जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत अब किसी भी बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। इसी कारण अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, तैयार किए जा रहे डाटाबेस में प्रत्येक बूथ की लोकेशन, ढांचा और उपलब्ध सुविधाओं का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। इसमें रैंप, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ प्रवेश और निकास द्वारों की जानकारी भी होगी। इसके अलावा, मतदाता के घर से मतदान केंद्र की दूरी का विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा। सीईओ कार्यालय का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य मतदाताओं को पहले से स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला और प्रखंड स्तर के चुनावी प्रशासन को इस डाटाबेस तक सीधा पहुंच दी जाएगी।

# गुलशन कॉलोनी दंगों का मुख्य आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने गुलशन कॉलोनी दंगों के मुख्य आरोपी मोहम्मद फिरोज खान उर्फ मिनी फिरोज को गिरफ्तार कर लिया। उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गुलशन कॉलोनी दंगों में मिनी फिरोज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं, जिनमें आर्म्स एक्ट भी शामिल है, के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसकी तलाश में कई जगहों पर छापेमारी की जा रही थी। रविवार की शाम करीब 6 बजे उसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास अजमेरी गेट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मिनी फिरोज को कोलकाता लाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गत 11 सितंबर को आनंदपुर स्थित गुलशन कॉलोनी दो गुटों के बीच



झड़प में रणक्षेत्र में बदल गई। कथित तौर पर, कई राउंड गोलीबारी हुई। इस घटना में पहले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, मुख्य आरोपी मिनी फिरोज की गिरफ्तारी नहीं होने पर सवाल उठे थे। आखिरकार, पुलिस ने गुलशन कॉलोनी दंगों के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# कोलकाता में शूटआउट, जिम में घुसकर बदमाशों ने चलाई गोली

**कोलकाता, समाज्ञा :** महालया के दिन कोलकाता के चारु मार्केट इलाके में एक जिम के अंदर गोलीबारी की घटना से सनसनी फैल गई। दो अज्ञात बदमाश जिम में घुसे और लगातार दो राउंड फायरिंग की। हालांकि, इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। जिम मालिक को निशाना बनाकर गोली चलाई गई, लेकिन हमलावर अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जिम, देशप्राण श्यामल रोड के किनारे स्थित है। रविवार होने के कारण छुट्टी का दिन था और कई लोग व्यायाम करने आए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे दो बदमाश रेनकोट और हेलमेट पहनकर बाइक से जिम पहुंचे। जिम में घुसने के बाद उन्होंने जिम मालिक के बारे में पूछा और उसका नाम लेकर आवाज लगाई। सामने मौजूद कर्मचारी मालिक को बुलाने की कोशिश कर ही रहे थे




कि तभी बदमाशों ने गोली चला दी। लगातार दो राउंड फायरिंग के बाद आरोपित बाइक पर सवार होकर भाग निकले। पुलिस का मानना है कि गोलीबारी का निशाना जिम मालिक ही थे, लेकिन फायरिंग लक्ष्य से चूक गई। मौके से दो गोलियों के खोखे बरामद किए गए हैं। सूचना मिलते ही चारु मार्केट थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना गंभीर है और बदमाशों की तलाश तेज़ कर दी गई है। हमलावरों का उद्देश्य क्या था, इसकी जांच जारी है। पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है और जिम व सड़क पर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, फुटेज से हमलावरों के बारे में अहम सुराग मिल सकते हैं। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कोलकाता हवाई अड्डे से तृणमूल पार्षद हथियार के साथ गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हवाई अड्डे पर रविवार को तृणमूल पार्षद को आग्नेयास्त्रों और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पार्षद का नाम अमीरुल इस्लाम है। वह दक्षिण 24 परगना जिला के पुजाली नगरपालिका के वार्ड 14 का पार्षद है। कोलकाता हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, अमीरुल इस्लाम रविवार की दोपहर 2:15 बजे हवाई अड्डे पर पहुंचे। उन्हें मुंबई जाना था। हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक समस्या हुई। पार्षद के पास बैग से 6 राउंड कारतूस और एक बंदूक बरामद की गई। सूत्रों के अनुसार, पार्षद इन कारतूसों और बंदूकों के वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। उसके बाद, हवाई अड्डे की सुरक्षा के प्रभारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के



जवानों ने पार्षद को हिरासत में ले लिया। फिर, उसे संबंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। पार्षद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया है कि पार्षद के हथियार लेकर मुंबई जाने की कोशिश के पीछे की वजह की जांच की जा रही है। जांचकर्ता किसी बड़ी साजिश की आशंका से भी इनकार नहीं कर रहे हैं। हालांकि, गिरफ़्तार पार्षद ने अभी तक इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### एसएससी भर्ती घोटाला मामला: सीबीआई ने पूर्व चेयरमैन प्रशांत सुर को किया 'विरूप गवाह' घोषित

**कोलकाता :** एसएससी भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने आयोग के पूर्व चेयरमैन प्रशांत सुर को अदालत में 'विरूप गवाह' घोषित किया। शनिवार को भर्ती घोटाले से जुड़े तीन मामलों-नवम-दशम, एकादश-द्वादश और ग्रुप-सी-की संयुक्त सुनवाई के दौरान गवाही की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान प्रशांत सुर ने अदालत में जो बयान दिया, उसमें कई हिस्से सीबीआई के पहले दिए गए बयान से मेल नहीं खाए।अदालत सूत्रों के अनुसार, गवाही के दौरान सीबीआई ने इस असहमति को दर्ज कराते हुए न्यायाधीश से उन्हें विरूप गवाह घोषित करने का अनुरोध किया। गौरतलब है कि इस घोटाले में पहले ही पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ आरोप तय हो चुके हैं।

# हिन्दू महासभा सार्वजनिन दुर्गा पूजा पंडाल में राफेल से मां दुर्गा असुरों का वध करती दिखेंगी

❑ **स्थान : गिरीश पार्क**
❑ **वाइस चेयरमैन : धीरा रॉय**
❑ **अध्यक्ष : पार्षद राजेश सिन्हा**
❑ **उपाध्यक्ष : मुकेश मेहरा**
❑ **कोषाध्यक्ष : विजय मेहरा**
❑ **वित्त समिति के चेयरमैन : राजेंद्र धनधानिया**

**अरुण गुप्ता**



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत वर्ष में हर एक त्योहार को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भारत में हर एक पूजा की अपनी एक महत्ता होती है। इसी क्रम में, दुर्गा पूजा पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा व विख्यात त्योहारों में से एक माना जाता है। दुर्गा पूजा, शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व है, जिसे पूरे राज्य में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। महानगर समेत राज्य भर में पूजा को लेकर समितियों में प्रतिस्पर्धा लगी होती है। आगामी कुछ दिनों में पूजा का शुभारंभ होने जा रहा है और पूजा को लेकर लोगों में एक अलग सा उत्साह देखने को मिलता है। हर एक पूजा समिति विभिन्न विषयों व मुद्दों पर पंडाल सज्जा व लाइटिंग व अन्य सभी चीजों पर लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेष जोर देते है।

❑ **परिचय**

हिन्दू महासभा सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति उत्तर कोलकाता के बेहतरीन पूजा पंडालों में शुमार है। यह समिति प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने में पूजा आयोजित करती है, जहां प्रत्येक वर्ष कुछ नया और कुछ अलग देखने को मिलता है। यहां भारी संख्या में आगंतुकों की भीड़ देखी जाती है। इस भारी भीड़ को संभालने के लिए स्वयंसेवक एवं पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

❑ **पूजा का विवरण**

हिन्दू महासभा सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति का यह 81वां वर्ष पूजा है। पंडाल और आकर्षक मूर्ति की स्थापना की गई। इस बार, पूजा का बजट 25 लाख रुपये बताया गया है। पूजा का उद्घाटन तृतीया के दिन किया जाएगा। इसी दिन, आगंतुकों के लिए पूजा पंडाल का द्वार खोल दिया जाएगा।

❑ **पंडाल सज्जा व मूर्ति डिजाइन**

हिन्दू महासभा सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का डिजाइन बिप्लव मान्ना व मूर्ति का डिजाइन खुश बेरा ने किया है।

❑ **पूजा थीम व विशेष प्रस्तुति**

हिन्दू महासभा सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति के पूजा का थीम है 'राफेल से करेगी मां दुर्गा असुरों का वध'। पूजा पंडाल के बाहरी हिस्से को इंडिया गेट के तर्ज पर बनाया गया है। पंडाल के ऊपरी हिस्से पर टैंक स्थापित होगी और भारतीय झंडे रखे होंगे, जो कि इसका मुख्य आकर्षण केंद्र होगा। वहीं, पंडाल के भीतरी हिस्से को युद्ध क्षेत्र के रूप में दर्शाया जाएगा। मां दुर्गा व अन्य देवताओं के मूर्तियों को राफेल पर सवार हुआ दिखाया जाएगा और वे उस पर सवार होकर असुरों का वध करती दिखेंगी। साथ ही, अन्य लड़ाकू विमानों के चित्रण पूरे भीतरी हिस्से में चित्रित किए जाएंगे, जिससे आगंतुकों को अनोखा एवं वास्तविक महसूस हो।

❑ **सुरक्षा और प्रबंधन**

पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है। स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों की बड़ी टीम भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में प्रस्तुत रहेगी।

### दुर्गापूजा में हावड़ा-कोलकाता फेरी सेवा देर रात तक

**कोलकाता :** दुर्गापूजा के मौके पर हावड़ा और कोलकाता के बीच फेरी सेवा का समय बढ़ा दिया गया है। इस बार पंडाल घूमने वाले दर्शकों की सुविधा के लिए रात 8 बजे तक चलने वाली फेरी अब आधी रात 12 बजे तक चलेगा। हुगली नदी जलपथ परिवहन समिति के निदेशक अजय दे ने कहा कि जितनी देर तक यात्री घाट पर आएंगे, उतनी देर तक फेरी चलाई जाएगी। पंडाल घूमने के लिए हर साल हावड़ा के अलावा हुगली, बर्धमान, मेदिनीपुर, झाड़ग्राम और नदिया से हजारों लोग ट्रेन से हावड़ा स्टेशन पहुंचते हैं। उनकी सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। पंचमी से लेकर दशमी तक कुल 8 फेरी चलेंगी। हावड़ा से सीधे बागबाजार, शोभाबाजार, आहिरीटोला, गोलाबाड़ी और बाबुघाट रूट पर सेवा उपलब्ध होगी। विशेष आवश्यकता पड़ने पर रात 12 बजे के बाद भी फेरी चल सकती है।

### कैनिंग में खून से लथपथ शव बरामद, इलाके में सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग में रविवार की सुबह खून से सना एक शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना कैनिंग-1 ब्लॉक के दिघीरपार ग्राम पंचायत के मातला नदी के फिशरी इलाके की है। बताया गया है कि इस दिन, सुबह में स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कैनिंग थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर कैनिंग महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पुलिस को खून से सने कपड़े और एक मोबाइल फोन मिला। मोबाइल की मदद से मृतक की पहचान शमीम पायलान के रूप में हुई, जो उस्ती थाना इलाके का निवासी था। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि शमीम की हत्या कर अपराधी शव को वहां फेंक कर फरार हो गए। हत्या के पीछे का कारण अब तक स्पष्ट नहीं है।

# केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने नशा मुक्त बंगाल का किया आह्वान



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कोलकाता में रविवार को 'नमो युवा दौड़' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और राज्य को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 15 दिनों तक जारी रहने वाले कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित दो किलोमीटर की दौड़ शिमला स्ट्रीट स्थित स्वामी विवेकानंद के आवास के बाहर से शुरू हुई और इसका समापन श्यामबाजार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास हुआ। करीब एक हजार से अधिक युवाओं ने इस दौड़ में भाग किया जबकि सुकांत मजूमदार ने भाजपा नेता राहुल सिन्हा के साथ इसमें हिस्सा लिया। शिक्षा राज्यमंत्री मजूमदार ने कहा कि हम एक नशा मुक्त बंगाल चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य के युवा समुदाय का एक वर्ग नशे की गिरफ्त में जा रहा है।

# मानव तस्करी मामले में एनआईए ने बनगांव से दो युवकों को किया गिरफ्तार

❑ **आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर ले जाया गया भुवनेश्वर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मानव तस्करी मामले में बनगांव से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने अमलकृष्ण मंडल और आमिर अली शेख नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उम्मीद है कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद रहस्य की जड़ तक पहुंचा जा सकेगा। बता दें कि यह घटना कुछ महीने पहले शुरू हुई थी। ओडिशा पुलिस ने भुवनेश्वर से एक नाबालिग लड़की को बचाया था। उससे बात करने पर पता चला कि नाबालिग लड़की को अवैध रूप से सीमा पार कराकर भारत लाया गया था। फिर, उसे कोलकाता होते हुए कटक भेज दिया गया। मानव तस्करी के एक गिरोह में उसके शामिल होने की सूचना मिलने के बाद एनआईए ने जांच शुरू की। इसके बाद, एक जोड़े का नाम सामने आया। वे असल में बांग्लादेश के रहने वाले हैं। मानव तस्करी के गिरोह का नेटवर्क कहां तक फैला है, इसका पता लगाने के लिए एनआईए के अधिकारियों ने जांच के दौरान वित्तीय लेनदेन की जांच की। तभी, बनगांव निवासी अमलकृष्ण मंडल और आमिर अली शेख का नाम सामने आया। पता चला है कि आमिर अली शेख विदेशी मुद्रा के लेन-देन में शामिल है। गत शनिवार को भुवनेश्वर से आई एनआईए की टीम ने बनगांव निवासी अमल कृष्ण मंडल और आमिर अली शेख को गिरफ्तार किया। रविवार को गिरफ्तार आरोपियों को बैंकशाल कोर्ट में पेश करने के बाद एनआईए उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर ले गई।



विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल पुलिस पर आरएसएस की रैली में 'अनावश्यक रूप से बाधा डालने' का आरोप लगाया

**पूर्व मेदिनीपुर :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को राज्य पुलिस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राष्ट्रीय सेवा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित शांतिपूर्ण रैली में अनावश्यक रूप से बाधा डालने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि मैं महेशतला में आज हो रहे घोर अत्याचार से बेहद निराश और क्षुब्ध हूं। ममता पुलिस, निरंकुश तृणमूल कांग्रेस शासन की कठपुतली बनकर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित शांतिपूर्ण



पथ संचलन (रूट मार्च) में बेशर्मी से बाधा डाल रही है। उनके अनुसार, पुलिस की यह कार्रवाई न केवल राष्ट्र निर्माण और सेवा के लिए समर्पित एक देशभक्त संगठन पर हमला है, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों और सभा करने की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। उन्होंने आगे कहा कि ममता बनर्जी के कठोर शासन में, पश्चिम बंगाल उत्पीड़न का अड्डा बन गया है, जहां हिंदू सांस्कृतिक कार्यक्रमों का गला घोंटा जा रहा है, राष्ट्रवादी संगठनों को बाधित किया जा रहा है और गुंडे और घुसपैठिए खुलेआम घूम रहे हैं। अधिकारी के बयान में कहा गया है कि पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के बजाय, राष्ट्रवाद और एकता की आवाज को दबाने के लिए हथियार का इस्तेमाल कर रही है। शर्म आनी चाहिए ममता पुलिस।

### 'हिंदुओं को बांटने की कोशिश कर रही हैं मुख्यमंत्री', शुभेंदु अधिकारी का ममता पर आरोप

महालया के अवसर पर विपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वो हिंदुओं को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। वो कभी मुसलमानों से यह नहीं कहतीं कि तुम उर्दू बोलते हो या बंगाली। भाजपा नेता ने आगे कहा कि मुसलमानों में भी भाषा को लेकर विविधता है। लेकिन हिंदुओं को वो बंटती हैं कभी बंगाली हिंदू, कभी बिहारी हिंदू, कभी गुजराती हिंदू कहकर। वह मुसलमानों को एकजुट करती हैं और हिंदुओं को बांटती हैं। लेकिन इस बार हिंदू गुमराह नहीं होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कालना में ससुराल से मां-बेटी का झूलता शव बरामद

**पूर्व बर्दवान :** जिले के कालना के गुप्तिपुर इलाके में एक घर से एक महिला और उसकी पांच वर्षीय बच्ची का झूलता हुआ शव बरामद किया गया। मृत महिला का नाम सोहिनी हेमब्रम है। वह कालना थाना अंतर्गत सिमलन के गुप्तिपुर इलाके की रहने वाली थीं। सोहिनी का पति बाहर राज्य में काम करता है। वह अपनी पांच साल की बेटी के साथ ससुराल में रहती थीं। बताया गया है कि रविवार की सुबह उसका मायके जाने का कार्यक्रम था और इसके लिए उसने तैयारी भी कर ली थी। लेकिन, सुबह ही घर से मां-बेटी का शव एक ही फंदे से लटका मिला। प्राथमिक अनुमान है कि सोहिनी ने बेटी के साथ आत्महत्या की, हालांकि इसकी वजह अभी तक स्पष्ट नहीं है। परिवार का दावा है कि सोहिनी का ससुराल पक्ष के साथ कुछ विवाद चल रहा था। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि उसकी ससुराल में अनबन थी। हालांकि, पुलिस अभी यह जांच कर रही है कि आत्महत्या की असली वजह क्या थी। पुलिस ने मां-बेटी दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बर्दवान में टोटो-कार की टक्कर में 5 घायल, एक गंभीर

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के रथतला इलाके में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टोटो और तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की टक्कर में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की हालत नाज़ुक बताई जा रही है, जिसे कोलकाता रेफर किया गया है। बताया गया है कि इस दिन, सुबह में रथतला इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टोटो जा रहा था। उसी समय कोलकातामुखी तेज रफ्तार चारपहिया वाहन अचानक नियंत्रण खो बैठा और टोटो को ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि यात्री सड़क पर जा गिरे। ज़ोरदार धमाके की आवाज़ सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ घायलों को तुरंत बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। बाद में, एक घायल की स्थिति बिगड़ने पर उसे कोलकाता रेफर कर दिया गया, जबकि बाकी घायलों का इलाज बर्दवान मेडिकल कॉलेज में ही चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दुर्गापुर में तृणमूल नेता की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर में तृणमूल कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और निखिल नायक की शनिवार की शाम रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। शाम को उनका शव दुर्गापुर नगर निगम के 1 नंबर वार्ड, कमलपुर के दशेरबांध स्थित उनके बगीचे वाले घर से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, शव घर की पहली मंजिल की सीढ़ियों की रेलिंग से फंदे पर लटका हुआ था। निखिल नायक (58) लंबे समय से तृणमूल से जुड़े रहे और इलाके में उनका काफी प्रभाव था। बड़ी संख्या में समर्थक उनके साथ जुड़े थे। जैसे ही उनकी मौत की खबर फैली, कार्यकर्ता और समर्थक मौके पर पहुंच गए और वहां भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक नेता के करीबी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। उनका कहना है कि शव पर संदिग्ध निशान मिले हैं, मृतक के हाथ पर खाना लगा हुआ था और उनके पैर जमीन से सटे हुए थे। इन परिस्थितियों में आत्महत्या संभव नहीं लगती। घटना के बाद गुस्साए कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेरकर विरोध-प्रदर्शन किया और मांग की कि जांच के लिए स्निफर डॉग बुलाया जाए। इधर, पुलिस ने घटनास्थल से कुछ सामान बरामद किया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस के डीसी (पूर्व) अभिषेक गुप्ता ने कहा कि शव बरामद किया गया है। कुछ साक्ष्य भी मिले हैं। पूर्ण जांच चल रही है और जल्द ही रहस्य से पर्दा उठेगा।

## हावड़ा स्टेशन पर चले टिकट जांच अभियान में वसूले गए 2.29 लाख का जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन पर 20 सितंबर को रेलवे मजिस्ट्रेट के पर्यवेक्षण में एक सघन टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में 48 टिकट जांच कर्मचारियों की टीम, 10 आरपीएफ कर्मियों और 1 जीआरपी अधिकारी ने हिस्सा लिया। इस अभियान के नतीजे उल्लेखनीय रहे। कुल 689 टिकट अनियमितताओं के मामले दर्ज किए गए, जिनमें 437 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। इस अभियान के दौरान कुल 2,29,430 का जुर्माना वसूला गया। इससे ईस्टर्न रेलवे की टिकट रहित यात्रा रोकने और यात्री राजस्व की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। पूर्व रेलवे ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे समान्य और वैध टिकट के साथ यात्रा करें और रेलवे अधिकारियों के साथ सहयोग करें, ताकि एक निष्पक्ष और प्रभावी परिवहन प्रणाली सुनिश्चित की जा सके।



नदिया : दुर्गा पूजा पंडाल जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति के रूप में तैयार किया गया।

## मनीषिका द्वारा 950 नागरिकों की अन्नपूर्णा सेवा (अनाज वितरण) एवं वस्त्र वितरण



**कोलकाता :** श्रद्धेय पुष्कर लाल केडिया द्वारा संस्थापित मनीषिका की ओर से 950 नागरिकों की अन्नपूर्णा सेवा (अनाज वितरण) एवं वस्त्र वितरण समारोह समाजसेवी बिनोद, श्याम अग्रवाल, बृजमोहन गाड़ोदिया, पवन माधोगढ़िया, गौरी शंकर सराफ, ताराचंद जालान, संतोष केडिया, केदार राणासरिया, बिनोद केडिया (माला साड़ी), विजय केडिया के सहयोग से सम्पन्न हुआ। मनीषिका के सचिव अमित केडिया एवम् मोहन केडिया ने बताया समाजसेवी संदीप गर्ग, ईश्वर गुप्ता, राधेश्याम सोनी, पवन केडिया, राजकुमार केडिया, मनमोहन, बलदेव, अजय, सुशील, सचिन, गोपी, निखिल, मुरारी, ज्योति, रिक्की, लसीका केडिया ने सभी नागरिकों को दुर्गापूजा की शुभकामना दी। सभी अतिथियों ने मनीषिका के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। पवन खेमका, सुधीर गुप्ता, विनय पाण्डेय, विनेश जोशी, किशन झा, प्रदीप जयसवाल एवम् पुष्करलाल केडिया स्काउट ग्रुप के सदस्य सक्रिय रहे।

## हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत चलाया वृक्षारोपण अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत स्वच्छोत्सव थीम के तहत रविवार को स्टेशन, कॉलोनियों और रेलवे संस्थानों में व्यापक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सततता और हरियाली के महत्व को बढ़ावा देना था, जो स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के लिए अनिवार्य है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम तेलकल घाट रेलवे कॉलोनी, हावड़ा रेलवे कॉलोनी, बामनगाछी, अजीमगंज, कामरकुंडु, बोलपुर, श्रीरामपुर, वर्दवान कॉलोनी, बंडेल, पाकुर, बैंची, वर्दवान स्टेशन, सीएंडडबल्यू/वर्दवान, मानकुंडु, बंडेल स्टेशन, मधुसुदनपुर, गोसाईग्राम, सैन्थिया, रामपुरहाट, भद्रेश्वर और कटवा वेस्ट कॉलोनी में आयोजित किए गए। इस दौरान मुख्य स्थल तेलकल घाट रेलवे कॉलोनी रहा, जहां हावड़ा के डीआरएम और ईस्टर्न रेलवे वूमेंस वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन हावड़ा की अध्यक्ष ने पौधे लगाकर अभियान की अगुवाई की। हावड़ा क डीआरएम ने पर्यावरण संरक्षण में निरंतर प्रयास करने और वृक्षारोपण की महत्ता पर जोर दिया। वहीं, ईआरडबल्यूडबल्यूओ/हावड़ा की अध्यक्ष ने परिवार और समुदाय से ऐसे हरित पहल में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में 'ऐकोलेड 2025' का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल का तृतीय वार्षिक समारोह ऐकोलेड 2025 का बड़े धूमधाम से आयोजन किया गया। 20 सितंबर को आयोजित इस समारोह का थीम सपने, नियति और आत्म-खोज रखा गया, जो पाउलो कोएलो की प्रसिद्ध कृति द एलकेमिस्ट से प्रेरित था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, उत्साह और नवाचार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस एवं राज्य सतर्कता आयुक्त अजीत रंजन बर्धन तथा विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध रंगकर्मी और वाचिक कलाकार बिजयलक्ष्मी बर्मन द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्या मौसमी महापात्रा और विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। विद्यालय गायक मंडली द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने पूरे वाता-




वरण को भक्तिमय बना दिया। गायक मंडली के स्वागत गीत के पश्चात प्राचार्या ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री बर्धन और प्रबंधन समिति के सदस्य सागर अग्रवाल ने प्रेरक संबोधन दिया और विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रंगारंग नृत्य, नाट्य और सामूहिक प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों से गूंजा दिया। प्राचार्या मौसमी महापात्रा ने कहा कि वार्षिक उत्सव केवल प्रतिभा प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि यह मेहनत, नवाचार और सामूहिक प्रयास का प्रतीक है, जो विद्यार्थियों के उज्वल व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होता है।

## सियालदह स्टेशन पर मिशन सेवा के तहत आरपीएफ ने घायल महिला यात्री की बचाई जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह रेलवे स्टेशन पर मिशन सेवा के तहत आरपीएफ के अधिकारियों ने घायल महिला यात्री की समय पर मदद की। सियालदह डिवीजन के मुख्य पोस्ट के आरपीएफ कर्मियों ने महिला को घायल अवस्था में देखते ही तुरंत सहायता प्रदान की। आरपीएफ अधिकारियों ने घायल यात्री को तुरंत प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) दी और उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल में तत्काल इलाज के लिए स्थानांतरित कराया। आरपीएफ की इस समयोचित और मानवतावादी पहल ने न केवल यात्री की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि पूर्व रेलवे की यात्रियों की देखभाल, सुरक्षा और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को भी पुष्ट किया। मिशन सेवा के तहत यह कदम यात्रियों की भलाई और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है।



## शिवपुर मुखर्जी बागान शीतला समिति ने परंपरा और उत्साह के संगम के साथ शुरू की 23वीं दुर्गा पूजा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर मुखर्जी बागान शीतला समिति ने अपनी 23वीं पूजा की शुरुआत प्रतिमा-आगमन समारोह के माध्यम से कर दी है। परंपरा और संस्कृति के संगम से सजी शोभायात्रा के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा को पंडाल तक पहुंचाया गया। प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध शिल्पी संतू चक्रवर्ती (लैटा दा) के हाथों हुआ है। महालया के पुण्य लग्न पर यह यात्रा हावड़ा के डोमुरजला 72 नंबर बस स्टैंड के समीप स्थित मातृ शिल्पालय से प्रारंभ हुई। पारंपरिक पालकी में सवार होकर प्रतिमा नेताजी सुभाष रोड और निधिराम माजी लेन से होते हुए 143/144 रामकृष्णपुर लेन स्थित पूजा मंडप में पहुंची। प्रतिमा आगमन के साथ ही पूजा का उत्सव शुरू हो गया है और स्थानीय निवासियों में उत्साह और उमंग का माहौल व्याप्त है। शिवपुर मुखर्जी बागान शीतला समिति के निर्देशक एवं पूर्व पार्षद बुद्धदेव सरकार के निर्देशन में इस वर्ष की पूजा और भी यादगार होने की उम्मीद है। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन परंपरा और आधुनिकता का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन ने 545 होनहार छात्राओं को विशेष पुरस्कारों से किया सम्मानित

**हावड़ा :** शहर में छात्राओं के स्वनामधन्य विद्यालय 'अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन' के वातानुकूलित प्रांगण में विशेष पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ जहां 2024-2025 में उत्तीर्ण हुई कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। इसका आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें प्रथम चरण में आई.सी.एस.ई. एवं द्वितीय चरण में आई.एस.सी. की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बाली के विधायक डा. राणा चटर्जी , डा. रितुपर्णा, रामकृष्ण मिशन शिल्प मंदिर, बेलूर मठ के स्वामी वेदातितानंद, एसीपी (नॉर्थ डिविजन), आनंद जीत होड़ (डब्ल्यू बी पी एस, बेलूर के थाना प्रभारी मणि शंकर सेनगुप्ता, इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ़ इंडिया के ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल के अध्यक्ष अनुज सारस्वत, विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया), प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, शिक्षा हितैषी नवीन टिकमानी, उप-प्राचार्या काकोली नाग, विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य, शिक्षिकाएँ व छात्राएँ उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथिगणों के कर-कमलों से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की गयी। तत्पश्चात वृत्त चित्र के माध्यम से विद्यालय में होने वाले सभी गतिविधियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य व गीत के आयोजन ने सभी का मन मोह लिया। सन् 2025 में उत्तीर्ण हुई आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. की 545 छात्राएँ आज इस विशेष पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत हुई जिनमें आई. सी. एस. ई. की 353 और आई.एस.सी. की 192 छात्राएँ उपस्थित थीं। इन सभी छात्राओं को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, कलम सेट और समूह चित्र देकर पुरस्कृत किया गया। पायल फाउंडेशन की तरफ से आई.सी.एस.ई. में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को क्रमशः 4500, 3500 व 3000 रूपए की राशि प्रदान की गई।



मुख्य अतिथि डॉ. राणा चटर्जी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और लगन का होना अति आवश्यक है। स्वामी वेदातितानंद जी महाराज ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया) ने कहा कि छात्राओं की सफलता में शिक्षिकाओं का बहुत बड़ा योगदान है। विद्यालय के प्राचार्य श्रीवास्तव जी ने सभी छात्राओं को बधाई दी तथा उन्हें अपने लक्ष्य तक सफलतापूर्वक पहुँचने का आशीर्वाद भी दिया। कक्षा 10वीं तथा 12वीं की शिक्षिकाओं को भी पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। गाईड विभाग की राज्य पुरस्कार प्रतिभागी छात्राओं को भी स्मृति-चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्र-गान के साथ हुआ।

## दुर्गापूजा पर जॉय ऑफ शेयरिंग फाउंडेशन द्वारा कन्याओं को नये वस्त्र वितरित



**हावड़ा :** जॉय ऑफ शेयरिंग फाउंडेशन द्वारा प्रणव कन्या आश्रम की अपनी बहनों को इस वर्ष भी दुर्गापूजा के उपलक्ष मे आज वस्त्र प्रदान किये गये। साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न तरह के व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई। आश्रम की माता देवदत्तानंदमई एवं संस्था के संस्थापक मनीष कुमार अग्रवाल की उपस्थति मे बच्चो को उनके माप के अनुसार सिलवाए हुए नये वस्त्र दिए गए । संस्था की तरफ से बताया गया की बच्चो को विगत की भांति इस साल भी पूजा मण्डप परिदर्शन व प्रतिमा दर्शन भी करवाया जायेगा। आज के आयोजन में संस्था के डॉ सुजय पालित, रवि ठाकुर, पिंटू शा, अवनीश, मृत्युंजय, रंजीत वर्मा , वीरू, अक्कू ,विजय ,शर्मा,अजीत , सूरज सिंह, राहुल चौबे ,सौरव सिंह सहित अन्य लोगो मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि संस्था रक्तदान, गौ सेवा आदि अनेक सामाजिक कार्यो में विगत 12 वर्षों से सक्रिय है।

## तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा का मेगा रक्तदान अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

**हावड़ा, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा द्वारा 17 सितंबर 2025 को रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक साथ सात स्थानों-आइडल ग्रांड, क्लबटाउन रिवर्डल, गैंगस गार्डन, विक्रम विहार, विवेक विहार, ईओरा एवं जैन ट्यूटोरियलस-पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष आदेश चौरड़िया और उपाध्यक्ष विक्रम भंडारी ने सभी का स्वागत किया और रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज में रक्तदान की जागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक लोगों को जीवनदायिनी सेवा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। परिषद के युवाओं की निष्ठा, संयोजकों की सक्रियता और दाताओं की भावना के कारण यह आयोजन ऐतिहासिक रूप ले गया। इस दौरान 274 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिससे समाज के प्रति लोगों की जिम्मेदारी और मानवता के प्रति समर्पण प्रदर्शित हुआ। कार्यक्रम की सफलता में परिषद के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, संयोजकों एवं स्वयंसेवकों का अथक योगदान रहा। इसके साथ ही प्रायोजकों, सहयोगियों और साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, महिला मंडल, प्रोफेशनल फोरम और अणुव्रत समिति का सक्रिय सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। सहमंत्री एवं प्रभारी भानु प्रताप चोरड़िया ने सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल सेवा का अभियान था, बल्कि मानवता का उत्सव बन गया और सिद्ध कर दिया कि समाज सेवा और युवाओं के उत्साह से असंभव भी संभव हो सकता है।



## कोलकाता की ग्रेटा चौधरी ने जीता प्राइड ऑफ इण्डिया- मिस टीन इण्डिया का खिताब

**कोलकाता :** न्यूटाउन, कोलकाता की प्रतिभाशाली बेटी ग्रेटा चौधरी ने प्रतिष्ठित डी के पेजेंट- प्राइड ऑफ इंडिया, मिस टीन इंडिया 2025 का खिताब जीतकर पश्चिम बंगाल ही नहीं, पूरे देश का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रेटा ने गर्व से पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व किया और विजयी होकर गौरव का क्षण प्रस्तुत किया। भव्य फिनाले का आयोजन दिल्ली के रैडिसन ब्लू होटल में किया गया। इससे पूर्व ग्रेटा ने सिटी/स्टेट फिनाले में प्राइड ऑफ इंडिया- मिस टीन वेस्ट बंगाल 2025 का खिताब जीतकर राष्ट्रीय मंच तक अपनी जगह सुनिश्चित की थी। केवल 16 वर्ष की आयु और वर्तमान में कक्षा 12 की छात्रा ग्रेटा ने शिक्षा और मॉडलिंग-दोनों क्षेत्रों में अद्वितीय संतुलन स्थापित किया है।



## महाराजा अग्रसेन धाम में लगा सेवा का कुम्भ

❑ **हजारों लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, कृत्रिम पैर व साड़ी वितरण**

**कोलकाता :** बागनान स्थित महाराजा अग्रसेन धाम में शनिवार को महाराजा अग्रसेन जयन्ती के उपलक्ष्य में सेवा का महाकुम्भ लगा, जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, साड़ी वितरण, कृत्रिम अंग वितरण तथा भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर शुद्ध पेयजल के आरओ संयत्र का उदघाटन स्थानीय विधायक अरूणाभ सेन ने किया। सुबह से शाम तक लगभग पांच हजार लोगों ने सेवाओं का लाभ उठाया।

समारोह के प्रारम्भ में महाराजा अग्रसेन धाम के चेयरमैन ओम जालान, मंत्री निर्मल सराफ तथा ट्रस्टीवृन्द ने दीप प्रज्वलित किया। रिटायर्ड आईआरएस सुशान्त भट्टाचार्य ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उच्च शिक्षा के लिए प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट जनों में भगवानदास अग्रवाल, अनिल केडिया, सुशील हीरावत, अशोक चूड़ीवाला, एन.के. अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, अनिल सरायवाला, गोपीकिशन केडिया, सुशील मित्तल, संजय सोंथलिया, गोपाल केडिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, आशीष लडिया, गोपाल भालोटिया, एस.के.तुलस्यान, मनोज बंका, सुनील खेतान आदि रहे। आयोजन की सफलता हेतु तरूण कुमार सरिया, रीतिका अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।



धाम के मंत्री निर्मल सराफ ने बताया कि आगामी सोमवार को धाम के कोलकाता स्थित मुख्यालय में अग्रसेन भगवान का पूजन-अर्चन किया जाएगा।

# दुर्गापूजा पंडाल में आगजनी, सीसीटीवी से हुआ घटना का खुलासा

❑ हिरासत में लिया गया आरोपी

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर थाना अंतर्गत श्रीरामपुर नगरपालिका के 29 नंबर वार्ड में स्थित सुभाष नगर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में महालय के दिन तड़के दुर्गापूजा पंडाल में आगजनी की सनसनीखेज घटना सामने आई। स्थानीय लोगों ने साहस और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही श्रीरामपुर व रिसड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय पार्षद जयनाथ झा और श्रीरामपुर थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से जांच की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान की और उसे मौके से हिरासत में ले लिया।



पुलिस निष्पक्ष और उचित जांच का आश्वासन दिया है। पार्षद जयनाथ झा ने बताया कि आरोपी का नाम अनिर्बन दास है, जो हाउसिंग कॉम्प्लेक्स का ही निवासी और राज्य सचिवालय में डी ग्रुप कर्मचारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पूजा कमेटी से उसकी अनबन चल रही थी, जिसके चलते उसने पंडाल में आग लगाने की कोशिश की। मां दुर्गा की कृपा और स्थानीय लोगों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

निवासियों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है और कहा कि इस तरह की गंदी मानसिकता समाज में अराजकता फैलाती है।

## भारतीय रेलवे ने शुरू की समयबद्ध कार्गो सेवाएँ, बढ़ाई माल परिवहन की गति

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारतीय रेलवे ने माल परिवहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब समय-सारणी आधारित, वस्तु-विशेष कार्गो सेवाएँ शुरू की गई हैं, जो उत्तर भारत के प्रमुख उत्पादन और खपत केंद्रों को जोड़ती हैं। इन सेवाओं का उद्देश्य ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाना, भरोसेमंद ट्रांज़िट समय सुनिश्चित करना और उद्योग-आधारित लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करना है।

**नई सेवाओं में शामिल हैं:**

❑ **अन्नपूर्णा सेवा:** लुधियाना से वाराणसी तक, 704 किमी, खाद्य अनाज का 17 घंटे में परिवहन।

❑ **गति-वाहन सेवा:** फरुख नगर (हरियाणा) से लखनऊ तक, 557 किमी, ऑटोमोबाइल्स का 28 घंटे में परिवहन, पहले 70 घंटे लगते थे।

❑ **निर्यात कार्गो सेवा:** गढ़ी से मुन्द्रा पोर्ट तक, 1061 किमी, कंटेनर का 32 घंटे में परिवहन।

अनंतनाग सीमेंट कार्गो सेवा: रूपनगर से अनंतनाग, 586 किमी, सीमेंट का 31 घंटे में परिवहन।

इन सेवाओं की योजना बनाने में एफसीआई, ऑटोमोबाइल ऑपरेटर, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर और पड़ोसी रेलवे जोन सहित सभी फ्रेट स्टेकहोल्डर्स के साथ व्यापक समन्वय किया गया। प्रारंभ में ये सेवाएँ परीक्षण के रूप में शुरू हुई थीं, लेकिन अब यह पूरी तरह से स्थिर और कुशल रूप से संचालित हो रही हैं।



ग्राहकों से मिली प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही। एफसीआई ने अन्नपूर्णा सेवा की सराहना की, जिससे पंजाब और हरियाणा के अधिशेष क्षेत्रों से उत्तर प्रदेश के कमी वाले क्षेत्रों तक खाद्य अनाज की आपूर्ति में सुधार हुआ। मारुति सुजुकी ने गति-वाहन सेवा के तहत ट्रांज़िट समय 70 घंटे से घटकर 28 घंटे होने की जानकारी दी, जिससे रोड ट्रांसपोर्ट के बराबर डिलीवरी सुनिश्चित हुई। निर्यात कार्गो सेवा के ज़रिए मुन्द्रा पोर्ट तक 40 घंटे से कम में माल पहुँच रहा है, जिससे पोर्ट और शिपिंग कंपनियों के साथ समय पर समन्वय संभव हुआ। सीमेंट कंपनियों ने अनंतनाग सीमेंट कार्गो सेवा और अनंतनाग गुड्स शेड के उद्घाटन का स्वागत किया, जिससे रेक डिस्पैच और ट्रक संचालन बेहतर हुए।

## एमसीसीआई की पहली महिला अध्यक्ष बनीं प्रीति ए. सुरेका

**व्यापार जगत में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का नया प्रतीक**

**कोलकाता,समाज्ञा :** मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) ने अपने 124 वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी महिला को अध्यक्ष चुना है। शुक्रवार को ताज बंगाल में आयोजित वार्षिक आमसभा में सुश्री प्रीति ए. सुरेका को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई। सुश्री सुरेका वर्तमान में इमामी लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक हैं और हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल से स्नातक हैं। उनके नेतृत्व को एमसीसीआई ने प्रगतिशील मूल्यों और समावेशी प्रतिनिधित्व की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।



एमसीसीआई ने कहा कि सुश्री सुरेका का अध्यक्ष पद पर आना संगठन के लिए गर्व का विषय है और इससे महिला नेतृत्व को नई दिशा और पहचान मिलेगी।

## श्री बंगेश्वर महादेव मंदिर बांधाघाट हावड़ा में अष्ट दिवसीय 24वीं भागवत कथा सम्पूर्ण

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रीमद्भागवत प्रचार समिति और लायंस क्लब लोयंश रेंज द्वारा पावनी गंगा तट पर श्री बंगेश्वर महादेव मंदिर बांधाघाट हावड़ा में अष्ट दिवसीय 24वीं भागवत कथा रविवार दिनांक 21.09.2025 को सम्पूर्ण हुई। भागवत कथा के साथ इस कार्यक्रम में भव्य गंगा आरती, सामुहिक सुंदरकांड पाठ और पारायण भागवत का आयोजन भी किया गया था । व्यास पीठ पर वृन्दावन से संत श्री उदित जी महाराज पीठासीन होकर भागवत कथा का रसस्वादन करवा रहे थे । कथा विराम के पुर्व व्यास जी ने श्री कृष्ण एंव सुदामा की मित्रता की कथा का वर्णन करते हुए बताए कि अपनी अर्धांगिनी के आग्रह पर सुदामा, द्वारिका श्री कृष्ण से मिलने गए। द्वारपाल ने जैसे ही सुदामा जी के आने की सूचना श्री कृष्ण को दी तो भगवान नंगे पैर सुदामा जी को लेने द्वार तक भागे।



अपने मित्र के चरणों को अपने आसुओं से धोएं और सुदामा जी से झपट कर भाभी द्वारा भेजे चावलों को बड़े चाव से खाए। व्यास जी ने कहा कि मित्रता को निश्छल और सरल होना चाहिए। मित्रता में ना स्वार्थ होता है ना कोई भेद होता है । ना कोई छोटा होता है ना कोई बड़ा। सुदामा जी जब द्वारका से अपने घर लोटे तो अपनी कुटिया के जगह महल देखते हैं पत्नी से जानते है कि यह सब श्री कृष्ण ने किया है, तब सुदामा मन ही मन अपने बाल सखा श्री कृष्ण को याद करते हुए उनकी महान सोच को नमन करते हैं। व्यास जी ने बताया कि प्ररिक्षित जी सुत जी से कथा सुनकर मोक्ष प्राप्त कर लिए। भगवान की कथा अनंत है और इसको जितना सुनेंगे उतना ही हमारा मन और चित्त प्रभु में समर्पित होगा । संत श्री उदित जी महाराज ने समिति के सदस्यों की मेहनत के लिए आशीर्वाद और प्रोत्साहीत किया।

मुख्य यजमान अनिल जी जिंदल ने समिति को इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

समिति के आनंद कुमार जैन ने सभी सहयोगियों, श्रोताओं और कार्यकर्ताओं को सहयोग और सेवा के लिए करबद्ध धन्यवाद किया।

समिति के मनोज लोहारीवाला, बिनोद गुप्ता, विजय कुमार अग्रवाल, त्रिलोकचंद अग्रवाल, लायन आनंद कुमार जैन, लायन संजय केजरीवाल, लायन शिवशंकर गुप्ता, लायन आनंद राठी, लायन रुपेश जैन, लायन राकेश जैन, लायन मनोज बाजोरिया, शिव कुमार भुवालका, अनूप कुमार बंसल, रामधारी गोपाल, धनपत बंसल, देवेन्द्र ने इस कथा के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया।

## ब्लॉक कमेटी की घोषणा से असंतुष्ट तृणमूल जिलाध्यक्ष समीर पांजा ने दिया इस्तीफ़ा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ग्रामीण जिला तृणमूल कांग्रेस के चेयरमैन और उदयनारायणपुर के विधायक समीर पांजा ने शनिवार को पार्टी में अपने चेयरमैन के पद से इस्तीफ़ा दे दिया। यह कदम उन्होंने जिला कमेटी और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम घोषित होने के कुछ ही मिनटों बाद उठाया। बता दें कि शनिवार को हावड़ा सदर और हावड़ा ग्रामीण जिलों के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों समेत तृणमूल कांग्रेस के कई पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। घोषणा के तुरंत बाद ही विधायक पांजा ने अपना त्यागपत्र पार्टी के राज्य अध्यक्ष सुब्रत बक्सी को भेज दिया। समीर पांजा ने कहा कि मैंने पहले ही सुझाव दिया था कि आमता, उलुबेरिया उत्तर और सांकराइल केंद्र के वर्तमान अध्यक्षों को हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाए। उस समय पार्टी नेतृत्व ने इस पर बैठक करने की बात कही थी, लेकिन बाद में कोई बैठक नहीं हुई। उन्होंने आगे कहा कि मैंने कई बार सुब्रत बक्सी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। हमारी बैठक से पहले ही जिला कमेटी की घोषणा कर दी गई। जिन तीन केंद्रों के अध्यक्षों को बदलने की बात मैंने उठाई थी, वहां कोई बदलाव नहीं हुआ। इस विरोध में मैंने जिला चेयरमैन के पद से इस्तीफ़ा देने का फैसला किया है।

### उलुबेड़िया घाट पर तर्पण के दौरान किशोरी के डूबने से इलाके में सनसनी

**हावड़ा, समाज्ञा :** महालया के दिन उलुबेड़िया के कालीबाड़ी घाट पर परिवार के साथ तर्पण करने गई एक नाबालिग लड़की हुगली नदी में डूब गई। जानकारी के अनुसार, किशोरी अपने परिवार के साथ खड़गपुर के गोलाबाजार से घाट आई थी। नदी में उतरे चार लोगों में से तीन को घाट पर मौजूद अन्य लोगों ने बचा लिया, लेकिन नाबालिग लड़की बहाव में फंसकर डूब गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नदी में गोताखोर उतारे और उसकी खोज शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक किशोरी का कोई भी सुराग नहीं मिला है। स्थानीय लोग और पुलिस बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। इस घटना ने इलाके में भारी चिंता और सनसनी फैला दी है।

### लिलुआ में विवाहेतर संबंध के विवाद में युवक पर चाकू से हमला, इलाके में सनसनी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ बामनगाछी 'सी' रोड पर शनिवार रात एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया। घायल युवक का नाम सूरज राजबर है। घायल युवक को तुरंत उत्तर हावड़ा के टीएल जायसवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आरोप है कि युवक ने उसकी प्रेमिका की शादी होने के बाद भी संबंध रखा हुआ था। इस कारण युवती के बड़े भाई और उनके दोस्तों ने मिलकर युवक पर हमला किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवती के बड़े भाई हेमंत मिश्र अपने दो साथी सूरज साव और बाबूराव के साथ सूरज के घर पहुंचे और विवाद के दौरान हाथापाई में उलझ गए। आरोप है कि इस बीच हेमंत और उसके साथियों ने सूरज पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई। लिलुआ थाना की पुलिस ने सूरज साव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य दो आरोपी हेमंत मिश्र और बाबुराव अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

### विश्व शांति सम्मेलन में कोलकाता की कलाकार स्वाति घोष ने भारत का पहुंचाया संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की चित्रकार स्वाति घोष ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित 18वें विश्व शांति सम्मेलन में कला और शिक्षा के माध्यम से शांति का संदेश देकर भारत को गौरवान्वित किया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 770 से अधिक प्रतिनिधि- राष्ट्रप्रमुख, मंत्री, संसद अध्यक्ष, आध्यात्मिक नेता, महिला व युवा संगठनों के सदस्य शामिल हुए। विशेष अतिथि और अंतरराष्ट्रीय निर्णायक के रूप में स्वाति घोष ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने स्वाति घोष की कला और शांति संदेश का हार्दिक स्वागत किया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति दूत के रूप में सम्मानित किया गया।

## कोलकाता मेट्रो ने चलाया स्वच्छता ही सेवा 5.0 अभियान, यात्रियों को दी स्वच्छता की सीख



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने देशभर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा 5.0 अभियान में भाग लेते हुए मेट्रो परिसरों को साफ और हरित बनाने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए हैं। इस अभियान के तहत स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य मेट्रो स्थलों पर व्यापक सफाई और सैनिटाइजेशन ड्राइव आयोजित की जा रही है। मेट्रो कर्मचारी विभिन्न स्टेशनों पर सफाई अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए और यात्रियों को परिसर स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। रविवार को केंद्रीय पार्क डिपो, नोआपाड़ा और महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशनों पर वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियानों में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और ट्रैफिक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुए। स्वच्छता के महत्व को बताने के लिए शहीद खुदीराम स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों से अपने स्टेशनों को साफ रखने का संदेश दिया। पूजा के समय लंबी कतारों से बचने के लिए यात्रियों से अनुरोध किया गया कि वे स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यू टिकट जैसी डिजिटल सुविधाओं का उपयोग करें। ऐप या रिचार्ज के समय डिजिटल टिकट पर 5% बोनस/रियायत उपलब्ध है।

## बड़ाबाजार लाइब्रेरी ने हिंदी पखवाड़ा में प्रख्यात कवि डॉ. चंद्रदेव सिंह को किया याद



**कोलकाता, समाज्ञा :** कविवर डॉ.चन्द्र देव सिंह को याद करते हुए कवि गिरिधर राय ने कहा कि इसी बड़ाबाजार लाइब्रेरी की काव्य गोष्ठियों का संचालन कभी बहुत ही सुन्दर ढंग से चन्द्रदेव सिंह किया करते थे। डॉ.गिरिधर राय ने उनकी भोजपुरी गजल उद्धत कर हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर मारक टिप्पणी की। इस काव्य-गोष्ठी की अध्यक्षता विशुद्धानंद हॉस्पिटल के एडमिनिस्ट्रेटर, साहित्य प्रेमी विजय शंकर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लॉमार्टिनियर फॉर ब्याज के शिक्षक बलवंत सिंह गौतम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि शिवशंकर सिंह उपस्थित थे। महानगर के कई गणमान्य लगभग 25 कवियों ने कविता पाठ करके सभागार में उप-स्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन किया बड़ाबाजार लाइब्रेरी के संयोजक डॉ.गिरिधर राय ने और धन्यवाद ज्ञापन किया बलवंत सिंह गौतम ने। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयगोपाल गुप्ता, सुनिल कुमार मोर, बिष्णु कुमार वर्मा काफी सक्रिय थे।

## सदगुरु सेवा ट्रस्ट ने 200 जरुरतमंद लोगों को कराया भोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** सदगुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा पिछले 12 सालों से चल रहे जरुरतमंद लोगों के भोज के आयोजन मे पितृपक्ष में चलाया गया अभियान साथी हाथ बढ़ाना के इस कड़ी में सहयोगी के रूप में सदगुरु सेवा ट्रस्ट के इस अभियान में चमन कुमार मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता ने अपने स्व. पिता विक्रम नारायण मिश्र के पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए शांति हेतु 200 से ज्यादा जरुरतमंद लोगों को भोज में आयोजन में अपना सहयोग दिया।

## कल्याणी में तर्पण करते समय डूबा युवक



**कोलकाता, समाज्ञा :** महालया की सुबह तर्पण करते समय कल्याणी में गंगा में एक युवक डूब गया। युवक अपने दोस्तों के साथ गंगा में स्नान करने के दौरान डूब गया। उसे बचाकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रोहित बल (18) के रूप में की गई है। वह गायेशपुर नगरपालिका के वार्ड 13 के कटागंज नंबर 3 इलाके का निवासी था। वह अपने दोस्तों के साथ रानी रश्मोनी गंगा घाट में स्नान करने गया था। अचानक, रोहित गंगा की धारा में डूब गया। जब उसके दोस्त चिल्लाए, तो आसपास के सभी लोग दौड़े। तैनात पुलिस के जवान भी आ गए। तुरंत, एक तलाशी अभियान शुरू किया गया। लगभग आधे घंटे के बाद, वह मिल गया।

## श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब की दुर्गा पूजा में सजेगी 'सेन्स' की लैब-ग्रोउन डायमंड ज्वेलरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस साल की दुर्गा पूजा कोलकाता में और भी खास होगी। सेनको गोल्ड लिमिटेड का प्रीमियम ब्रांड सेन्स पहली बार अपनी लैब-ग्रोउन डायमंड ज्वेलरी को श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब की पूजा में प्रदर्शित करेगा। इस वर्ष क्लब ने अमेरिका के भव्य स्वामीनारायण मंदिर की प्रतिकृति को थीम बनाया है, जिसे सेन्स की ज्वेलरी और भी आकर्षक बनाएगी। सेन्स, भारतीय कारीगरी और इटालियन डिजाइन का शानदार मेल है। यह न केवल डायमंड ज्वेलरी बल्कि लक्जरी लेदर बैग्स, एक्सेस-रीज और प्रीमियम परफ्यूम्स भी प्रस्तुत करता है। सेन्स के लैब-ग्रोउन डायमंड पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल, टिकाऊ और किफायती हैं। इनकी कीमत प्राकृतिक हीरों से



60-70% तक कम है, लेकिन गुणवत्ता और चमक में बिल्कुल समान हैं। कंपनी की निदेशक जोइता सेन ने कहा, सेन्स काल-तीत डिजाइन और भारतीय कारी-गरी का उत्सव है। हमें गर्व है कि इस वर्ष मां दुर्गा को हमारी लैब-ग्रोउन डायमंड ज्वेलरी से सजाया जाएगा। वहीं, सेन्स फैशन लिमिटेड के निदेशक सुवंकर सेन ने कहा, श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब की पूजा से जुड़ना हमारे लिए सम्मान की बात है। हमारे लैब-ग्रोउन डायमंड्स न केवल टिकाऊ और पर्यावरण हितैषी हैं, बल्कि भारतीय कारीगरी को विश्व स्तर पर पहचान दिला रहे हैं। क्लब अध्यक्ष सुजीत बोस ने सेन्स के यो-गदान को सराहते हुए कहा कि इस सहयोग से पूजा का आयोजन और भी भव्य और अविस्मरणीय बनेगा।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के लिए सेनहाइजर ने स्पेशल ऑफर्स का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लोबल ऑडियो ब्रांड सेनहाइजर ने अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के लिए अपने लोकप्रिय प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। 23 सितंबर से शुरू होने वाली इस सेल में ग्राहक प्रोफाइल वायरलेस, मोमेंटम 4 वायरलेस, मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4, एचडी 490 प्रो प्लस स्टूडियो हेडफोन, एएम्बियो साउंडबार मिनी और प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन जैसे प्रीमियम प्रोडक्ट्स पर छूट का लाभ उठा सकेंगे। कंपनी ने बताया कि इस त्योहारी सीजन में ग्राहक चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर नो-कॉस्ट ईएमआई और अतिरिक्त ऑफर्स का फायदा भी उठा पाएंगे। इन ऑफर्स का उद्देश्य ग्राहकों को त्योहारों के दौरान बेहतरीन ऑडियो अनुभव प्रदान करना है। सेनहाइजर के मोमेंटम 4 वायरलेस हेडफोन, 60 घंटे की बैटरी लाइफ और नॉइज कैंसलेशन फीचर के साथ, 20,990 की कीमत पर उपलब्ध होंगे। वहीं, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन क्रिएटर्स और गेमर्स के लिए 10,090 में ऑफर होगा। मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 ईयरबड्स 16,990, और एएम्बियो साउंडबार मिनी 42,990 में मिलेंगे।

## आईफोन, सैमसंग और टॉप ब्रांड्स पर बंपर ऑफर्स, अमेजन सेल आज से शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन शॉपिंग उत्सव अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 22 सितंबर यानी आज से शुरू होने जा रहा है। इस बार प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे पहले अर्ली एक्सेस मिला, जिससे वे साल की सबसे बेहतरीन डील्स और ऑफर्स का लाभ उठा सके। त्योहारी सीजन के इस सेल में ग्राहकों को स्मार्टफोन पर 40% तक, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी पर 80% तक, टीवी और घरेलू उपकरणों पर 65% तक और अमेजन फ्रेश, इको विद एलेक्सा और फायर टीवी पर 50% तक की छूट मिलेगी। प्रमुख डील्स में आईफोन 15 43,749, सैमसंग गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा 71,999 और बोट रॉकर्ज 650 प्रो 2,299 में उपलब्ध रहेंगे। ग्राहक एसबीआई क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट, नो-कॉस्ट ईएमआई और अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक कार्ड पर अनलिमिटेड कैशबैक का लाभ उठा सकेंगे। साथ ही, प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर नए शो और फिल्में इस फेस्टिव सीजन को और खास बनाएंगी।

### गोडैडी सितंबर सुपर सेविंग्स में लाया नवरात्रि स्पेशल डील्स सिर्फ 99 में

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोडैडी, जो रोजमर्रा के आंत्रप्रेन्योर्स को सशक्त बनाने वाली कंपनी है, अपने सितंबर सुपर सेविंग्स अभियान के साथ भारत भर के छोटे बिनेसेज को डिजिटल होने का एक बेहतरीन अवसर दे रही है। इस फेस्टिव ऑफर के तहत, नए ग्राहक एक साल की अवधि के लिए केवल 99 में चुनिंदा डोमेन नाम खरीद सकते हैं। 23-29 सितंबर, 2026 के सप्ताह के लिए, ग्राहक इस विशेष मूल्य पर .श्रळींश डोमेन खरीद सकते हैं, जिससे वे फेस्टिव सीज़न के लिए समय पर अपनी ऑनलाइन मौजूदगी दर्ज करा सकेंगे। सितंबर में हर हफ़्ते नए टीएलडी लाइव होने के साथ, यह कैम्पेन ग्राहकों के लिए निरंतर मूल्य और विकल्प लेकर आता है। यह स्पेशल प्रमोशन ऑफर सीमित समय के लिए केवल आधिकारिक गोडैडी वेबसाइट पर उपलब्ध है और पूरे भारत में नए ग्राहकों के लिए लागू है।

## युवा शक्ति संगम ने जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र, उपहार व मिठाइयां बांटी



**कोलकाता/हावड़ा, समाज्ञा :** महालया के अवसर पर युवा शक्ति संगम, कोलकाता ने हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट स्थित केशरिया चाय यानी द केशर कुल्हड़ परिसर में सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों को नए वस्त्र, उपहार, मिठाइयां व स्नैक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष बिमल सिपानी ने किया। उनके साथ राकेश लुनिया, विजय तिवारी, महेंद्र चौधरी, राहुल मलिक और राजेंद्र सिंघी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हावड़ा डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह की विशेष भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राज्य सरकार के विशिष्ट शल्य चिकित्सक डॉ. सिराज अहमद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजय पासवान, संजय राजभर, प्रीतम कोले, सोहम सिंह आनंद सिंह और सचिन सिंह ने भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

### सनराइज ने ढाकी उत्सव के साथ दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** महालया के शुभ दिन पर सनराइज ने कुम्हारटोली घाट पर ऐतिहासिक सनराइज ढाकी उत्सव के साथ दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत की, जहां अनेक ढाकी एक साथ मिलकर तालमेल के साथ अपनी



कला प्रस्तुत किए। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व विश्वप्रसिद्ध तालवादक तन्मय बोस ने किया, जिनके साथ पद्मश्री गोकुल ढाकी भी शामिल थे। दोनों ने मिलकर विशेष रूप से रचित सनराइज दुर्गा पूजा एंथम प्रस्तुत किया। कुम्हारटोली घाट का माहौल धरतीकंपित ढाक की तालों से गूंज उठा और पूरा नदी किनारा ऊर्जा से भर गया। अभियान पर टिप्पणी करते हुए आईटीसी स्पाइसेस के बिजनेस हेड, पीयूष मिश्रा ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव सिर्फ उत्सव नहीं है, यह लय और परंपरा से बुनी हुई एक भावना है। ढाकी उत्सव के जरिए सनराइज का उद्देश्य उन ढाकियों को केंद्र में लाना है जो इस उत्सव की ध्वनि-संस्कृति को परिभाषित करते हैं। विख्यात तालवादक तन्मय बोस ने कहा कि आईटीसी सनराइज के ढाकी उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए वास्तव में एक विशेष अवसर है। इतने ढाकियों को एक साथ ताल में प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करना एक ऐसा अनुभव था जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

### जावा यज्दी मोटरसाइकिलों की कीमत 2 लाख रुपये से कम, राइडर्स को मिला जीएसटी 2.0 का पूरा लाभ

**कोलकाता/दुर्गापुर :** क्लासिक लीजेंड्स (सीएल) ने जावा-यज़्दी मोटरसाइकिलों के तहत अपनी मशहूर परफॉर्मेंस क्लासिक्स की नई कीमतों की घोषणा की। इनमें से एडवेंचर, रोडस्टर, बॉबर से लेकर स्क्रैम्बलर तक ज़्यादातर मोटरसाइकिलें अब 2 लाख रुपये से कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। जावा-यज़्दी मोटरसाइकिल्स के सह-संस्थापक, अनुपम थरेजा ने कहा कि सरकार के साहसिक और समयानुकूल जीएसटी सुधार समाज के बड़े हित के लिए ऐतिहासिक बदलाव साबित होंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे 2-स्ट्रोक से 4-स्ट्रोक इंजन का संक्रमण हुआ था। क्लासिक लीजेंड्स इस जीएसटी सुधारों का स्वागत करता है, खासकर 350सीसी से कम मोटरसाइकिलों के लिए 18% की कम दर का, जिसमें हमारी 293सीसी और 334सीसी जावा और यज़्दी परफॉर्मेंस क्लासिक्स आती हैं। भले ही इससे हमारी 652सीसी बीएसए गोल्ड स्टार जैसी हाई-सीसी मोटरसाइकिलों पर टैक्स बोझ बढ़ता है, लेकिन यह प्रगतिशील कर व्यवस्था का हिस्सा है। इस बदलाव से मिड-सेगमेंट की बाइक्स बड़े समुदाय के लिए सुलभ होंगी - और यह भारत की मोटरसाइक्लिंग संस्कृति के लिए एक बड़ी जीत है। हम माननीय वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने मांग को नया प्रोत्साहन दिया है, जो आर्थिक मंदी और वैश्विक शुल्क युद्ध के बीच अर्थव्यवस्था को ऊर्जा देगा। दशकों पहले, नीतिगत बदलाव से हमारे ब्रांड्स का अस्तित्व धूमिल हो गया था; आज, नीति दृष्टिकोण उन्हें उनकी ऐतिहासिक पहचान वापस दिला रहा है। हम ग्राहकों को 100% जीएसटी लाभ देंगे। त्योहारी सीज़न के साथ यह संदेश है युवाओं के लिए, जो सच्ची प्रतिष्ठित परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल का सपना देखते हैं: अब आपका समय है।

# विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा : योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत नमो मैराथन की शुरुआत करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए 'नमो युवा रन' की हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर समाप्त हुआ। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दीपावली पर देश और प्रदेशवासियों को जीएसटी सुधारों का उपहार दिया है जिससे नए रोजगार का सृजन होगा और हर व्यक्ति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया और मुझे प्रसन्नता है कि अभियान को उत्तर प्रदेश के हर वर्ग का भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमें अपने गांव, कस्बे और नगर को भी विकसित बनाना है तथा विकसित होने की कुंजी है आत्मनिर्भरता में, आत्मनिर्भरता की कुंजी है स्वस्थ समाज में और स्वस्थ समाज की कुंजी नमो मैराथन जैसे कार्यक्रमों में हैं।'' योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा पखवाड़ा की शुरुआत मध्यप्रदेश के धार से की थी और उनकी धारणा है कि नारी स्वस्थ रहेगी तो युवा भी स्वस्थ होगा, मां स्वस्थ होगी तो बच्चा भी स्वस्थ होगा, मां स्वस्थ होगी तो समाज भी स्वस्थ होगा तथा परिवार सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की अवधारणा पर आधारित इस कार्यक्रम ने पूरे देश में एक कीर्तिमान स्थापित किया।

## उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने में हर व्यक्ति निभा सकता है अहम भूमिका : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रदेश को विकसित बनाने में हर व्यक्ति अहम भूमिका निभा सकता है। योगी, रविवार को गोरखपुर स्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2047' पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश सरकार 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' पर काम कर रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने कहा कि इसमें सरकार द्वारा निर्धारित 12 सेक्टर्स में से किसी भी क्षेत्र में अपने सुझाव देकर राज्य का हर व्यक्ति प्रदेश को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## नीतीश सरकार ने 'विकास मित्रों' को टैब खरीदने के लिए 25 हजार रुपये भत्ता देने की घोषणा की

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राज्य के 10 हजार से अधिक 'विकास मित्रों' को 'टैब' खरीदने के लिए एकमुश्त 25 हजार रुपये देने की घोषणा की। 'विकास मित्र' गांव में रहकर कार्य करते हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में मदद करते हैं। कुमार ने कहा कि 'विकास मित्रों' का परिवहन भत्ता 1,900 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह और स्टेशनरी भत्ता भी 900 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये प्रति माह कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि सरकार ने 30 हजार से अधिक शिक्षा सेवक और 'तालीमी मरकज' को भी स्मार्टफोन खरीदने के लिए 10 हजार रुपये देने का निर्णय लिया है। शिक्षा सेवक और 'तालीमी मरकज' महादलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों को औपचारिक स्कूल शिक्षा से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रत्येक केंद्र पर शिक्षण सामग्री के लिए दिए जाने वाले वार्षिक अनुदान को 3,405 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये कर दिया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में शरारती तत्वों ने महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा तोड़ी, प्राथमिकी दर्ज

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शरारती तत्वों द्वारा महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाये जाने के संबंध में पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कुरेजी ग्राम पंचायत के हसनपुर गांव में चिलकहर-कुरेजी मार्ग पर स्थापित महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा के हाथ और घोड़े को शनिवार रात क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही राजभर समाज के लोग आक्रोशित हो गए। सदर क्षेत्र के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई व क्षतिग्रस्त प्रतिमा की मरम्मत कराने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

### झारखंड में 26 सितंबर तक भारी बारिश होने का पूर्वानुमान

**रांची:** बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक नया निम्न दाब क्षेत्र बनने से 26 सितंबर तक झारखंड में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम एवं अन्य जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने कहा कि इस अवधि के दौरान राज्य में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और बारिश भी हो सकती है। विभाग ने कहा कि अगले तीन दिन में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का पूर्वानुमान है। रविवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटों में, राज्य में गिरिडीह जिले के पालगंज में सबसे अधिक 70 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, इसके बाद नंदाडीह (65.6 मिलीमीटर) और कोनेर (54.4 मिलीमीटर) रहे। राज्य में जमशेदपुर में सबसे अधिक (36 डिग्री सेल्सियस) तापमान दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार (21.7 डिग्री सेल्सियस) में दर्ज किया गया।

### भदोही में राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट 10 माह की बच्ची का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**भदोही:** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के पास एक खुले कमरे से 10 महीने की बच्ची का शव बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि बच्ची का शव शनिवार रात औराई थानाक्षेत्र के राजापुर गांव में राजमार्ग से लगभग 200 मीटर दूर जमीन से लगभग पांच फुट की ऊंचाई पर बने एक बिना दरवाजे वाले कमरे से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की मौत दम घुटने से होने की पुष्टि हुई और संभवत: नाक और मुंह बंद कर उसकी हत्या की गई होगी। अधिकारी ने बताया कि शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। उन्होंने बताया कि बच्ची ने साफ कपड़े पहने हुए थे, जिससे पता चलता है कि वह किसी संपन्न परिवार से थी और शव के पास एक सफेद तौलिया भी पड़ा मिला। मांगलिक ने बताया कि अब तक इलाके में किसी ने भी बच्ची की पहचान नहीं की है।

### गाजा युद्ध पीड़ितों के नाम पर पैसा जुटाकर धन हड़पने के तीन आर-ोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गाजा युद्ध पीड़ितों की मदद के लिये लोगों से धन जुटाने वाले अभियानों के जरिये इकट्ठा किये गये करोड़ों रुपये हड़पने के आरोप में तीन लोगों को महाराष्ट्र के भिवंडी से गिरफ्तार किया। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, खुफिया जानकारी से पता चला कि कुछ लोग 'इंस्टाग्राम' और 'व्हाट्सएप ग्रुप' के जरिए उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में लोगों को गाजा में जारी युद्ध से प्रभावित महिलाओं और बच्चों के हृदयविदारक वीडियो बनाकर भावनात्मक रूप से प्रभावित कर उनके लिए भोजन, पानी, कपड़े और दवाओं के लिए दान मांग रहे हैं। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों को धन भेजने के बजाय आरोपियों ने धन का एक बड़ा हिस्सा अपनी निजी और अवैध गतिविधियों में लगा दिया। उन्होंने बताया कि लखनऊ के एटीएस थाने में तीन आरोपियों मोहम्मद अयान, जैद और अबू सूफियान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

## न्यूज अपडेट

### उदयपुर में हाफ मैराथन में 7,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए




**उदयपुर:** राजस्थान के उदयपुर में रविवार को 'वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन' में 7000 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। मैराथन का आयोजन हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने किया। मैराथन में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। धावक, फतेहसागर झील और अरावली पर्वतमाला के आसपास के मार्गों से गुजरे। मैराथन को उदयपुर के सांसद मन्ना लाल रावत, विधायक ताराचंद जैन और फूल सिंह मीणा, जिलाधिकारी नमित मेहता, नगर आयुक्त अभिषेक खन्ना और हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### नये वकीलों को तीन साल तक प्रतिमाह पांच हजार रुपये का मिलेगा वजीफा: उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नये अधिवक्ताओं को तीन वर्षों तक प्रतिमाह पांच हजार रुपये का वजीफा (स्टाइपेंड) देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस योजना का लाभ एक जनवरी 2024 से नामांकित सभी अधिवक्ताओं को मिलेगा। चौधरी ने बताया कि वजीफे का भुगतान बिहार राज्य बार काउंसिल के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा, इसके साथ ही अधिवक्ता संघों द्वारा अनुरोध किए जाने पर उन्हें 'ई-लाइब्रेरी' स्थापित करने के लिए पांच लाख रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी। चौधरी ने कहा कि बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को सहायता के रूप में 30 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सम्राट ने कहा आयकर दायरे से बाहर न आने वाले अधिवक्ताओं को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघों में महिला वकीलों के लिए 'पिंक टॉयलेट' (महिला शौचालय) की व्यवस्था की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार न्यायिक प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वकीलों, अधिकारियों और कर्मचारियों को समुचित संसाधन, आधारभूत सुविधाएं और बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जाए, तो आम लोगों को समयबद्ध और प्रभावी न्याय दिलाना संभव होगा।

### युवा राष्ट्र की शक्ति, देश के विकास में उनका अहम योगदान: शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति का आधार हैं जो समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहते हुए अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए दृढ इच्छाशक्ति के साथ मेहनत करें और राज्य सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। शर्मा सीकर के सांवली में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित नशामुक्ति शपथग्रहण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हजारों युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, ''बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है, इसलिए हम नशामुक्त रहते हुए परिवार और समाज को भी इस बुराई से दूर रखें। इस चुनौती से निपटने के लिए हम सबको एकजुट होकर नशामुक्ति अभियान से जुड़ने का संकल्प लेना होगा।'' आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत राज्य में भी नशामुक्ति जैसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, ग्रामीण सेवा शिविरों और शहरी सेवा शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

## हिसार एयर शो में वायुसेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया



**हिसार (हरियाणा):** भारतीय वायु सेना की विशिष्ट सूर्य किरण टीम ने रविवार को हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा परिसर में आयोजित एयर शो के दौरान अपने कुशल हवाई करतबों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिसार और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग, सेना छावनी के अधिकारी और सैनिक, उनके परिवार, आर्मी पब्लिक स्कूल और राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र इस प्रदर्शन के साक्षी बने। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह एयर शो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सैनी ने कहा कि इस शो ने अनुशासन, टीम को साथ लेकर चलने की भावना और अटूट देशभक्ति का एक सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम के प्रत्येक करतब ने 'सदैव सर्वोत्तम' के आदर्श वाक्य की भावना को प्रतिबिंबित किया।

## मुफ्त राशन और सस्ते मोबाइल फोन का श्रेय रामविलास पासवान को : चिराग




**पूर्णिया:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को दावा किया कि गरीबों को हर महीने पांच किलोग्राम राशन और मोबाइल फोन 'बैंगन के भाव' मिलने का श्रेय उनके दिवंगत पिता रामविलास पासवान को जाता है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह बात बिहार के पूर्णिया जिले में पार्टी द्वारा आयोजित 'नव संकल्प सभा' में कही। हाजीपुर से सांसद चिराग ने कहा, ''मुझे इस बात का गर्व है कि मैं ऐसे नेता की संतान हूं, जिन्होंने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय में रहते हुए बिहार और उसके लोगों के लिए हर संभव कार्य किया। मुझे इस पर भी गर्व है कि उनकी दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि आज देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न मिल रहा है।'' पासवान 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' का उल्लेख कर रहे थे, जिसकी शुरुआत कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 में हुई थी। उस समय उनके दिवंगत पिता उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री थे। उन्होंने अपने पिता के पहले के कार्यकाल की भी चर्चा की, जब वह दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री थे। चिराग ने कहा, ''आज मुझे गर्व होता है कि हर नौजवान के हाथ में मोबाइल है। यह भी मेरे पिता, मेरे आदर्श की ही देन है, जिन्होंने सपना देखा था कि मोबाइल 'बैंगन के भाव' में उपलब्ध हो।' राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता ने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन को ''धर्म और जाति के आधार पर बंटे बिना'' वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा, ''देश में अगर कोई वास्तविक विभाजन है तो वह अमीर और गरीब के बीच है। यह खाई लगातार चौड़ी और गहरी होती जा रही है। मेरी पार्टी का नारा 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' इसी खाई को पाटने के लिए है।'' चिराग ने राज्य में 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व कर रही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्षी दल ''एमवाई (मुस्लिम-यादव) समीकरण को गर्व का तमगा मानकर चलती है, जिसमें जातिवाद और सांप्रदायिकता की बू आती है।'

## भारत-पाक युद्ध के 60 साल बाद, लखनऊ की महिला ने वीर चक्र विजेता पति की वीरता को याद किया

**लखनऊ:** भारत-पाकिस्तान के 1965 के युद्ध में वीरता प्रदर्शित करने वाले मेजर धीरेन्द्र सिंह की पत्नी विजय कुमारी की भावनाओं का ज्वार इन दिनों ज्यादा उफान पर होता है। यह माह उन्हें अपने पति की वीरता की यादों के चलते गर्व से भर देता है। लखनऊ की रहने वाली विजय कुमारी (77) ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ठीक 60 साल पहले, मेरे पति, जो उस समय मुश्किल से 25 साल के थे, कश्मीर में भारत-पाक युद्ध के दौरान एक दुश्मन की बारूदी सुरंग फटने से अपना पैर खो बैठे थे। सिंह का 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कश्मीर के राजौरी सेक्टर में दुश्मन की एक बारूदी सुरंग पर पैर पड़ गया था। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मेरे पति ने दुश्मन की तोपों को खामोश कर दिया था और इस कार्य के लिए उन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च युद्ध कालीन वीरता पुरस्कार, वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि ''यह मेरे लिए वाकई एक भावुक समय है क्योंकि यह महीना मुझे मेरे पति की बहादुरी की यादों से भर देता है। उनका दृढ़ निश्चय, अनुकरणीय साहस और नेतृत्व, ऐसे पहलू हैं जो मुझे बेहद गर्वित करते हैं। विजय कुमारी ने आगे कहा कि हालांकि उनके पति का अप्रैल 2025 में निधन हो गया, लेकिन उनके पदक और उनके पति के लिए भेजा गया वह टेलीग्राम जिसमें उन्हें सूचित किया गया था कि राष्ट्रपति आपको वीरता के लिए वीर चक्र प्रदान करते हुए प्रसन्न हैं अब उनकी अनमोल चीज़ों में शामिल हैं। आंखों में चमक लिए उन्होंने कहा, ''ये ऐसी गौरवशाली यादें हैं जिनके सहारे मैं जीवित हूं। उन्होंने उस समय को याद करते हुए कहा जब उन्हें अपने पति के घायल होने की खबर मिली थी और तब संचार माध्यम इतने तेज नहीं थे। कुमारी ने युद्धकाल की स्मतियों को याद करते हुए कहा कि 1965 का युद्ध शुरू होने के बाद से मेरे पति के पत्र ही सूचना का एकमात्र स्रोत थे। वह अपनी बातचीत में बस इतना कहते थे कि 'मैं ठीक हूं।'

## पुलिस ने मुठभेड़ में घायल वांछित पशु तस्कर को गिरफ्तार किया

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली लगने के बाद 25 हजार रुपये के इनामी वांछित पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घायल आरोपी की पहचान रामपुर जिले के टांडा थानाक्षेत्र निवासी इमरान अली के रूप में हुई और मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने बताया कि उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीमें जिले भर में पशु तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे बेलघाट थाने को सूचना मिली कि एक वांछित पशु तस्कर मोटरसाइकिल से इलाके से गुजर रहा है। कुमार ने बताया कि जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाकर भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें बदमाश घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि इस बीच अली का एक अन्य साथी भागने में सफल रहा और उसकी तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## अखिलेश यादव की पार्टी जब भी सत्ता में आई, जंगल राज कायम रहा: ब्रजेश पाठक



**बरेली (उप्र):** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अखिलेश यादव की पार्टी सत्ता में जब भी आई, राज्य में जंगल राज कायम रहा। उप्र में पुलिस मुठभेड़ पर सपा प्रमुख के आरोपों पर करारा प्रहार करते हुए पाठक ने कहा कि जब-जब अखिलेश यादव की पार्टी सत्ता में आई, उनकी सत्ता में गुंडे माफिया फले फूले, लेकिन जब हम सत्ता में आए तब गुंडे माफिया प्रदेश छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए। राहुल गांधी पर हमला बोलते हुये पाठक ने कहा कि राहुल गांधी को स्वयं ही नहीं पता है कि वह कहां खड़े हैं और क्या करना चाहते हैं । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस से लेकर महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है और आज देश भर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है।

## युवक की हत्या के मामले में दो उपनिरीक्षकों समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दो गुटों के बीच विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई और मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में दो उप-निरीक्षकों सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हत्या के इस मामले में नौ आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और दो उप-निरीक्षकों सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि हल्दी थानाक्षेत्र के रैपुरा ढाले में शनिवार शाम को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद में गोली चलने से निरुपुर गांव निवासी सुनील यादव (26) घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, सुनील को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बैरिया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता शिवशंकर यादव की तहरीर पर रविवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में पंकज राय, लक्ष्मी नारायण चौबे, नीरज चौबे और श्रवण दूबे को नामजद करते हुए चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## झारखंड: 'दादी-पोती' दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने पोती के पति को किया गिरफ्तार

**दुमका:** झारखंड के दुमका जिले में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी और उसकी दादी की हत्या करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यहां एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोना बास्के (71) और उनकी पोती सोना मुर्मू (19) की शुक्रवार रात शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के अमचुआ गांव में उनके घर में हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) पीतांबर सिंह खेरवार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सोना मुर्मू के पति राजू सोरेन को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, ''सोना मुर्मू के पिता बाबूजी मुर्मू की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ की गई तथा राजू के हाव-भाव संदिग्ध पाए गए।

## यूपी : दो बच्चों की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत



**देवरिया:** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में रविवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बरहज थानाक्षेत्र के हटवा टोला निवासी भीम यादव (नौ) और किशु यादव (आठ) पूर्वाह्न 11 बजे अपने घर से पढ़ने के लिए निकले थे। पुलिस ने बताया कि रविवार होने की बात कहकर घर वालों ने उन्हें रोका लेकिन वे शिक्षक द्वारा बुलाने की बात कहकर अपने दोस्तों के साथ खेलने चले गये। पुलिस के मुताबिक, साथियों के साथ खेलते-खेलते दोनों पानी से भरे ईंट भट्ठे के गड्ढे में नहाने लगे और गहरे पनी में उतर गये, जिसके बाद दोनों डूब गये। पुलिस ने बताया कि बच्चों को डूबता देख पहले तो साथियों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन असफल होने पर उन्होंने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग दौड़कर गड्ढे के पास पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बरहज थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच जारी है।

# नीतीश सरकार ने चुनाव से पहले कई योजनाओं की घोषणा की




**पटना:** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने कई नई योजनाओं की घोषणा की हालांकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'इंडिया' गठबंधन के वादों की नकल कर रहे हैं। विपक्ष के 200 यूनिट मुफ्त बिजली के वादे के खिलाफ नीतीश कुमार ने हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि गांवों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और लाभार्थी बनाने वाले 10,000 से अधिक 'विकास मित्रो' को टैब खरीदने के लिए 25,000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी। नीतीश ने कहा कि विकास मित्रो का परिवहन भत्ता भी 1,900 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह और स्टेशनरी भत्ता 900 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये प्रति माह कर दिया गया। सरकार ने यह भी तय किया कि महादलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़े वर्ग के बच्चों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने वाले 30,000 से अधिक 'शिक्षा सेवकों' और 'तालीमी मरकज' को स्मार्टफोन खरीदने के लिए 10,000 रुपये दिए जाएंगे। इससे पहले जून में सरकार ने बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन 700 रुपये प्रतिमाह बढ़ा दी थी। मुख्यमंत्री ने 11 जुलाई को 1.11 करोड़ लाभार्थियों के खातों में प्रतिमाह 1100 रुपये की बढ़ी हुई पेंशन राशि भी भेजी थी। सरकार का एक और बड़ा फैसला बेरोजगार युवाओं के लिए भत्ता देने का रहा। सरकार ने कहा कि स्नातक और 12वीं पास बेरोजगार युवाओं को दो वर्षों तक 1,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला उद्यमियों को पहले चरण में 10,000 रुपये और बाद में उनके कारोबार का आकलन कर दो लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा प्रशासन ने 16 लाख निर्माण मजदूरों को 5,000 रुपये का वस्त्र भत्ता देने और जीविका, आंगनबाड़ी तथा आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने का फैसला किया है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने सरकार के हालिया फैसलों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'ये (राजग नेता) हमारी कल्याणकारी योजनाओं की नकल कर रहे हैं। बिहार का युवा इस नकलची और निकम्मी सरकार से छुटकारा चाहता है। हमारे पास बिहार के विकास की स्पष्ट दृष्टि है।'

# मुख्यमंत्री हिमंत ने जुबिन के अंतिम संस्कार के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया, हजारों प्रशंसकों ने गायक को अंतिम विदाई दी

**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग का शव रविवार को यहां हवाई अड्डे से उनके काहिलीपाड़ा स्थित आवास ले जाया गया। इस दौरान करीब 25 किलोमीटर की दूरी तय करने के दौरान अपने प्रिय गायक को श्रद्धांजलि देने के लिये सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग खड़े थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गर्ग के अंतिम संस्कार के लिए गुवाहाटी के बाहरी इलाके सोनापुर में प्रस्तावित अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गर्ग के परिवार के साथ परामर्श के बाद स्थल का चयन कर लिया जाएगा। जुबिन (52) की शुक्रवार को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय मृत्यु हो गई थी। उनका पार्थिव शरीर शनिवार आधी रात के करीब नयी दिल्ली लाया गया और रविवार सुबह गुवाहाटी पहुंचा।



शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारे प्रिय जुबिन को उनकी विरासत के अनुरूप सम्मानजनक विदाई दी जाएगी, जो असम के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक थे। मैंने कुछ समय पहले सोनापुर में प्रस्तावित अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया, जहां जुबिन को अंतिम विदाई दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल के तीन सहयोगी, रनोज पेगू, केशव महंत और बिमल बोरा, जुबिन गर्ग की पत्नी गरिमा और उनके परिवार से मिलकर इस बारे में निर्णय लेंगे। शर्मा ने कहा, गरिमा और परिवार के करीबी सदस्यों से परामर्श के बाद, हम अंतिम संस्कार के लिये स्थान तय कर लेंगे। पार्थिव शरीर के साथ मौजूद गरिमा ने प्रशंसकों द्वारा मिले प्रेम के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने नम आंखों के साथ कहा, अगर जुबिन आज जीवित होते, तो इस अपार स्नेह को देखकर भावविभोर हो जाते। अब वह शब्दों में कुछ नहीं कह सकते, इसलिए उनकी ओर से मैं आप सभी का धन्यवाद करती हूं। बाद में गायक के पार्थिव शरीर को उनके घर से आम लोगों के अंतिम दर्शन के लिये शहर के सरुसजाई इलाके में स्थित अर्जुन भोगेश्वर बरुआ खेल परिसर में रखा गया।

### राजकीय सम्मान के साथ जुबीन का अंतिम संस्कार किया जाएगा: असम के मुख्यमंत्री

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार 23 सितंबर को गुवाहाटी के पास एक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।शर्मा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि उनके परिवार की इच्छा थी कि जुबीन का अंतिम संस्कार गुवाहाटी या उसके आसपास किया जाए। इसे ध्यान में रखते हुए कैबिनेट बैठक में कमरकुची एनसी गांव में अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया गया।उन्होंने बताया कि ऊपरी असम के जोरहाट शहर के लोगों की ओर से भी मांग उठी थी कि जुबीन का अंतिम संस्कार वहीं किया जाए।

## सरकार 11वीं और 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में कौशल आधारित शिक्षा शुरू करने की योजना बना रही: प्रधान

**चेन्नई :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को यहां कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार 11वीं और 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में कौशल आधारित शिक्षा को शामिल करने पर विचार कर रही है। प्रधान ने कहा कि उचित स्तर पर शिक्षण पद्धति में आमूलचूल बदलाव होना चाहिए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसकी सिफारिश की गई है।उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास में एक कार्यक्रम में कहा, ''हम 11वीं और 12वीं कक्षा में कौशल आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने पर काम कर रहे हैं।'' पाठ्यक्रम में कौशल आधारित शिक्षा को शामिल करने की अवधारणा के बारे में प्रधान ने कहा कि पहले की शिक्षा प्रणाली प्रमाणपत्र और डिग्री पर केंद्रित थी। उन्होंने आईआईटी मद्रास में दक्षिणापथ शिखर सम्मेलन 2025 में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सही कहा कि हमें डिग्री और प्रमाणन की आवश्यकता है, लेकिन हमें छात्रों को



सक्षम भी बनाना होगा।'' प्रधान ने कहा, ''एनईपी 2020 की प्राथमिक सिफारिशों में से एक कौशल आधारित शिक्षा है।'' उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय छठी कक्षा से ही कौशल आधारित शिक्षा शुरू करने पर भी काम कर रहा है। प्रधान ने कहा, ''पहले कौशल आधारित शिक्षा वैकल्पिक थी। कौशल आधारित शिक्षा चयनात्मक थी। लेकिन अब से कौशल एक विषय के रूप में शिक्षा का एक औपचारिक हिस्सा होगा।'' कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए नया पाठ्यक्रम तैयार करने के बारे में उन्होंने कहा कि शिक्षा की पिछली पद्धति विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा, ''अब हम कौशल विकास की भी योजना बना रहे हैं। उदाहरण के लिए, छात्र गणित, भाषा, कंप्यूटर भाषा लेखन – यानी कोडिंग, ड्रोन तकनीक या कृत्रिम मेधा (एआइ) जैसे विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। यह एक नया युग है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक वन क्षेत्र में रविवार को सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केशवान में हुई इस गोलीबारी में हालांकि किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है। सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, व्हाइट नाइट कोर के सतर्क जवानों का आज अपराह्न करीब एक बजे किश्तवाड़ के एक इलाके में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान आतंकवादियों से संपर्क हुआ। आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। अभियान जारी है। अधिकारियों ने कहा कि जंगल के इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जब सेना के जवानों ने तलाशी अभियान शुरू किया तो संक्षिप्त मुठभेड़ हुई। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है और तलाशी अभियान जारी

### हिमाचल प्रदेश: चंबा में कार के रावी नदी में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत, लड़की बही

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शनिवार देर रात एक कार के रावी नदी में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक लड़की नदी में बह गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चंबा-पठानकोट मार्ग पर परेल गांव के पास देर रात करीब ढाई बजे हुई इस दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल भी हो गए। पुलिस के अनुसार, हमीरपुर निवासी अखिलेश, शिमला निवासी रिशांत, सोलन निवासी दिव्यांश और शिमला निवासी इशिका- चंबा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु थे। रात में ये लोग साथ में सफर कर रहे थे और रास्ते में चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिसके कारण कार रावी नदी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में अखिलेश की मृत्यु हो गई जबकि इशिका नदी में बह गई। पुलिस ने बताया कि रिशांत और दिव्यांश घायल हो गए।

### मणिपुर: तीन उग्रवादी, एक हथियार विक्रेता गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर में अलग-अलग प्रतिबंधित संगठनों से संबद्ध तीन उग्रवादियों और एक हथियार विक्रेता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित कंगलीपाक पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी के दो उग्रवादियों को शुक्रवार को बिष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी से गिरफ्तार किया गया।पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि थोकचोम मणिमतुम सिंह (20) और लैशराम प्रेमसागर सिंह (24) के रूप में पहचाने गए आतंकवादी लोगों, स्थानीय व्यापारियों और स्कूलों से जबरन वसूली करने में शामिल थे।पुलिस ने बताया कि इसके अलावा इंफाल पूर्वी जिले के कोंगबा से प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान अधिकारीमायुम रामकुमार शर्मा (62) के रूप में हुई है।

## गोवा में वैज्ञानिक तरीके से केला पकाने की सुविधा से व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**मापुसा (गोवा) :** उत्तरी गोवा में केले के व्यापार में जल्द ही बदलाव देखने को मिलेगा क्योंकि गोवा सरकार मापुसा शहर में फलों को वैज्ञानिक विधि से पकाने के लिए एक कक्ष (चेंबर) स्थापित करने जा रही है। इससे ग्राहकों को सुरक्षित और रसायन मुक्त फल उपलब्ध होंगे, किसानों की आमदनी बढ़ेगी, साथी ही फलों की बर्बादी भी कम होगी।

अधिकारियों ने बताया कि यह कक्ष राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत बनाया गया है, जिसमें केंद्र सरकार ने 35 प्रतिशत सब्सिडी दी है। अधिकारियों के अनुसार, यह सुविधा अगले महीने तक उपयोग के लिए तैयार हो जाएगी।राज्य के कृषि निदेशक संदीप फोल्डेसाई ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इस चेंबर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य उत्तरी गोवा में उपभोक्ताओं को वैज्ञानिक तरीके से पके फल उपलब्ध कराना है। फलों को प्राकृतिक प्रक्रिया से पकाया जाएगा, जिससे उनके पोषण मूल्य में वृद्धि होगी।उन्होंने कहा कि यह सुविधा स्थानीय किसानों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी ताकि बाजार में उन्हें अपने फलों के लिए बेहतर दाम मिल सकें।अधिकारियों के अनुसार, इस चेंबर में हर चार दिन में 60 टन केले पकाए जा सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, पकाने के लिए इथिलीन गैस का उपयोग किया जाएगा और चेंबर में सेंसर लगे होंगे। फोल्डेसाई ने कहा, यह केले पकाने का वैज्ञानिक और स्वच्छ तरीका है।

## भारत को भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा: भागवत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुल्क और आव्रजन संबंधी अमेरिकी फैसलों की पृष्ठभूमि में रविवार को कहा कि भारत को उभरी स्थिति से बाहर निकलने के लिए जो भी आवश्यक हो वह करना चाहिए, लेकिन उसे भविष्य में ऐसी समस्याओं से खुद को बचाने के लिए विकास और प्रगति के 'सनातन' दृष्टिकोण का पालन करते हुए अपना रास्ता खुद बनाना शुरू करना चाहिए। यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि भारत सहित विश्व के सामने आज जो समस्याएं हैं, वे पिछले 2000 वर्षों से अपनाई जा रही उस व्यवस्था का परिणाम




हैं, जो विकास और सुख की खंडित दृष्टि पर आधारित रही हैं। उन्होंने कहा, हम इस स्थिति से मुंह नहीं मोड़ सकते। हमें इससे बाहर निकलने के लिए जो भी जरूरी हो, वह करना होगा। लेकिन हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने आगे कहा, इसलिए हमें अपना रास्ता खुद बनाना होगा। हम कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेंगे... लेकिन अनिवार्य रूप से, भविष्य में किसी न किसी मोड़ पर हमें इन सब चीजों का फिर से सामना करना पड़ेगा।

## स्वच्छता अभियान 5.0 के अंतर्गत आरेडिका महाप्रबंधक ने किया वृक्षारोपण



**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में चल रहे स्वच्छता अभियान 5.0 के अंतर्गत शनिवार को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर आवासीय परिसर की टाइप-2 कॉलोनी में मंदिर एवं योगाशेड परिसर में साफ-सफाई और वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि परिसर में पीपल, अमलताश, गुलमोहर, सागौन, अशोक, फाइकस और करेंज सहित 1000 पौधे और 10,000 बीजों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक आरेडिका परिसर में 50,000 पौधे और 3 लाख बीज बोए जा चुके हैं। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सिविल विभाग की देखरेख में आवासीय परिसर, कॉम्प्लेक्स, केंद्रीय विद्यालय, प्रशासनिक भवन और वर्कशॉप की सभी शॉपों में 2 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता सेल्फी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और सोशल मीडिया के जरिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष खेलकूद संघ बी.एल. मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राकेश राज पुरोहित, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव सहित यूनियन-एसोसिएशन प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी, कर्मचारी और आरपीएफ जवान मौजूद रहे। सभी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

## पालघर के फार्महाउस से 12 करोड़ रुपये की लाल चंदन की लकड़ी जब्त, तस्करों की तलाश जारी

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक फार्महाउस से लाल चंदन का लगभग 12 करोड़ रुपये मूल्य का विशाल भंडार बरामद किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चंदन की लकड़ी कुछ दक्षिणी राज्यों से तस्करी करके महाराष्ट्र में लाई गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर वन कर्मियों ने 18 सितंबर की रात पालघर तालुका के दहिसर वन क्षेत्र के साखरे गांव में खाली पड़े एक फार्महाउस पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान टीम ने परिसर के अंदर छिपाए गए लाल



चंदन के लगभग 200 बंडल बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई खेप की कीमत अवैध बाजार में 12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने कहा , यह हाल के वर्षों में पालघर में हुई सबसे बड़ी जब्ती में से एक है। जब्त किया गया लाल चंदन वन अधिनियम के तहत संरक्षित है और इसकी तस्करी वर्जित है। मामला दर्ज कर लिया गया है और हम इस रैकेट में शामिल लोगों की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं।

## दैनिक उपयोग की वस्तुओं में स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में की गई अपील के अनुरूप, दैनिक उपयोग की वस्तुओं में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया। शाह ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की अहम भूमिका होगी। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया और बताया कि कैसे अगली पीढ़ी का जीएसटी आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा। शाह ने कहा कि विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कृषि, स्वास्थ्य, कपड़ा और 'मैन मेड फाइबर' जैसे क्षेत्रों में जीएसटी कम करने की पहल की गई है। शाह ने 'जीएसटी बचत उत्सव' हैशटेग के साथ 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की बड़ी भूमिका होने वाली है। मोदी जी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए बताया कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। कृषि, स्वास्थ्य, कपड़ा, 'मैन-मेड फाइबर' जैसे क्षेत्रों में जीएसटी घटाकर विनिर्माण को बढ़ावा देने की पहल की गई है। आप भी अपने दैनिक उपयोग की वस्तुओं में स्वदेशी को अपनाकर हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाएं और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।''

### ब्रिटेन ने फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी, अमेरिका और इजराइल की ओर से हुए विरोध को किया दरकिनार

**लंदन :** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने अमेरिका और इजराइल के कड़े विरोध के बावजूद रविवार को ब्रिटेन की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की पुष्टि की। उन्होंने इस संबंध में कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के बाद यह घोषणा की। स्टॉर्मर ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य फलस्तीनियों और इजराइलियों के बीच शांति की उम्मीदों को जिंदा रखना है। हालांकि, यह कदम मोटे तौर पर सांकेतिक है, लेकिन इसका ऐतिहासिक महत्व भी है क्योंकि ब्रिटेन ने ही इजराइली राष्ट्र की स्थापना के लिए 1917 में जमीन तैयार की थी। उस समय के फलस्तीन पर ब्रिटेन का नियंत्रण था। जुलाई में स्टॉर्मर ने कहा था कि अगर इजराइल गाजा में संघर्ष विराम के लिए सहमत नहीं होता है, तो ब्रिटेन फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देगा।

### बिग बिलियन डेज 2025: फ्लिपकार्ट ने डिजिटल-फर्स्ट टू-व्हीलर खरीदारी अनुभव को और सुगम बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट ने इस दिवाली अपने वार्षिक शॉपिंग फेस्टिवल द बिग बिलियन डेज के तहत पेट्रोल और इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की डिजिटल खरीदारी को आसान और सुगम बनाने की घोषणा की है। प्लेटफॉर्म पर हीरो, टीवीएस, बजाज, सुजुकी, एथर, ओला, एम्पियर और रॉयल इनफील्ड जैसी अग्रणी ब्रांड्स के वाहन उपलब्ध होंगे। ग्राहक घर बैठे डिजिटल बुकिंग, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और फाइनेंसिंग की सुविधा पा सकते हैं। 48 महीने तक लोन विकल्प, 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई और फ्लिपकार्ट एक्सिस बैंक व एसबीआई क्रेडिट कार्ड ऑफर्स भी उपलब्ध हैं। इस त्योहारी सीजन जीएसटी में बदलाव से 350 सीसी से कम वाहनों पर टैक्स 18% कर दिया गया है, जिससे बेहतर मूल्य सुनिश्चित होता है। फ्लिपकार्ट की 24 घंटे टू-व्हीलर एक्सपर्ट असिस्टेंस और डिजिटल प्लेटफॉर्म से खरीदारी का अनुभव भरोसेमंद और पारदर्शी बन गया है। ग्राहक अब फैशन, भरोसे और सुविधा के साथ आसान और तेज टू-व्हीलर खरीद का आनंद उठा सकते हैं।

## नेपाल जेल से फरार पांच विदेशी बिहार में गिरफ्तार

**मोतिहारी :** पड़ोसी देश नेपाल में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान वहां की जेल से कथित तौर पर फरार हुए पांच विदेशी नागरिकों को बिहार के मोतिहारी में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) से मिली सूचना के आधार पर 20 सितंबर को घोड़ासहन बस स्टैंड पर छापेमारी की गई, जहां पांचों विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में चार




सूडान के निवासी हैं जबकि एक बोलीविया का रहने वाला है। एसपी ने कहा, ''पूछताछ के दौरान इनमें से दो ने स्वीकार किया कि वे नेपाल की केंद्रीय जेल से फरार हुए थे।गौरतलब है कि इस माह की शुरुआत में नेपाल में हुए व्यापक प्रदर्शनों के दौरान वहां की विभिन्न जेलों में बंद 15,000 से अधिक कैदी फरार हो गए थे।

## भाजपा ने कांग्रेस पर कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण के जरिए हिंदुओं को बांटने का आरोप लगाया

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सत्तारूढ़ कांग्रेस नेतृत्व और राज्य सरकार पर सामाजिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण या जाति जनगणना के नाम पर हिंदू समुदाय को बांटने के प्रयास करने का आरोप लगाया।भाजपा नेताओं ने सभी जाति या वर्ग के लोगों से देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के हित में अपना धर्म हिंदू के रूप में दर्ज कराने का आग्रह किया। यह सर्वेक्षण 22 सितंबर से सात अक्टूबर के बीच होना है और इसकी अनुमानित लागत 420 करोड़ रुपये है।उन्होंने इस सर्वेक्षण की आवश्यकता पर भी सवाल उठाया जबकि केंद्र सरकार पहले ही राष्ट्रीय



जनगणना में जातिगत गणना की घोषणा कर चुकी है।भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने सभी जातियों और वर्गों के लोगों से सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की साजिशों का शिकार न होने की अपील की। शिवमोग्गा में उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''राज्य सरकार के पास जाति जनगणना करने का कोई अधिकार या शक्ति नहीं है भले ही वह इसे करवा रही हो। मैं सभी से अपील करता हूं कि सर्वेक्षण के दौरान धर्म वाले कॉलम में हम सभी को इसका हिंदू के रूप में उल्लेख करना चाहिए।''

## 'मुझे नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए', ट्रंप ने फिर अलापा भारत-पाक के बीच सीजफायर का राग!

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को व्यापार के माध्यम से सुलझाने का एक बार फिर दावा किया और कहा कि उन्हें ''सात युद्धों को समाप्त कराने'' के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में 'रात को देर तक चली' वार्ताओं के बाद भारत-पाकिस्तान 'पूर्ण और तत्काल' संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। तब से आज तक विभिन्न अवसरों पर ट्रंप अपनी कथित मध्यस्थता के दावे को 40 से अधिक बार दोहरा चुके हैं कि उन्होंने भारत



और पाकिस्तान के बीच तनाव को 'सुलझाने में मदद की' है। भारत ने हमेशा किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार किया है। ट्रंप ने शनिवार को 'अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टिट्यूट फाउंडर्स डिनर' के वार्षिक कार्यक्रम में कहा, ''वैश्विक मंच पर हम एक बार फिर ऐसे काम कर रहे हैं, जिससे हमें उस स्तर का सम्मान मिल रहा है, जो पहले कभी नहीं मिला। हम शांति समझौते करा रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। तो हमने भारत-पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया के बीच युद्ध को रोका है।'' उन्होंने कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बारे में सोचिए, आप जानते हैं कि मैंने इसे कैसे रोका- व्यापार के जरिये। वे व्यापार करना चाहते हैं और मैं दोनों नेताओं का बहुत सम्मान करता हूं।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया, ''जरा देखिए, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसोवो-सर्बिया, इजराइल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया, रवांडा-कांगो, हमने इन देशों के बीच के संघर्ष को रोक दिया और इनमें से 60 प्रतिशत को व्यापार के कारण ही रोका जा सका।'' उन्होंने कहा, ''मैंने भारत से कहा था कि देखिए आप दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। यदि आप युद्ध की शुरुआत करते हैं तो हम आपके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। मेरे इतना कहने पर वे रुक गए।'' भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में छह-सात मई की दरमियानी रात 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया।

## गाजा में इजराइल के हमले में 34 लोग मारे गए: स्वास्थ्य अधिकारी

**काहिरा :** गाजा सिटी पर रात भर हुए हमलों में बच्चों सहित कम से कम 34 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल द्वारा यह हमला कई देशों की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी के बीच किया गया है। शिफा अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में शनिवार देर रात शहर के दक्षिणी हिस्से में एक रिहायशी इलाके में हुई गोलीबारी में मारे गए 14 लोग भी शामिल हैं। अधिकतर शव शिफा अस्पताल ही लाये गए थे। स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने बताया कि मृतकों में अस्पताल में कार्यरत एक पुरुष नर्स, उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी



शामिल हैं। इजराइल ने हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। इस सप्ताह शुरू हुए इजराइली अभियान ने पश्चिम एशिया में उथल-पुथल मचाने वाले संघर्ष को और बढ़ा दिया है और संभवतः किसी भी युद्धविराम की संभावना को और क्षीण कर दिया है। इजराइली सेना ने फलस्तीनियों से वहां से चले जाने का आग्रह किया है। इजराइली दूतावास ने इस अभियान की कोई समय-सीमा नहीं बतायी है, लेकिन संकेत हैं कि इसमें महीनों लग सकते हैं। इजराइल का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य हमास पर बंधकों को रिहा करने और आत्मसमर्पण करने के लिए दबाव डालना है। शनिवार रात को ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब कुछ प्रमुख पश्चिमी देश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नेताओं की सभा में फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी में हैं। इनमें ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्जमबर्ग शामिल हैं। पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह रविवार को फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देगा।

## प्रमोद भगत ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता, सुकांत कदम को दो रजत पदक



**नयी दिल्ली:** भारत के प्रमोद भगत, सुकांत कदम और कृष्णा नागर ने चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुषों के एकल एसएलडब्ल्यू3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान से कड़ी चुनौती का सामना करते हुए प्रमोद पहला गेम 15-21 से हार गए लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-19, 21-16 से जीतकर रोमांचक मुकाबले में पहला स्थान हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक में तीन बार डोपिंग जांच में विफल होने के कारण बाहर होने के बाद यह प्रमोद के लिए एक भावुक जीत थी जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वापसी करने में मदद की। पुरुषों के युगल में उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाई और इस जोड़ी ने हमवतन जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को रोमांचक फाइनल में 18-21, 22-20, 18-21 से हारकर रजत पदक जीता। दुनिया के नंबर एक पैरा खिलाड़ी सुकांत कदम ने पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया और कड़ी चुनौती का सामना करते हुए रजत पदक जीता। वह फाइनल में फ्रांस के लुकास माजूर से 9-21, 8-21 से हार गए। तोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा ने भी पुरुषों के एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने थाईलैंड के नाथपांग मीचाई को कड़ी टक्कर दी लेकिन तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 22-20, 7-21, 17-21 से हारकर दूसरा स्थान हासिल किया।

## गांगुली की सीएबी अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध वापसी तय



**कोलकाता:** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की सोमवार को यहां होने वाली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर वापसी तय है, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हाल के महीनों में संघ वित्तीय अनियमितताओं और विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं से जूझ रहा है। गांगुली के नेतृत्व वाले पूरे पैनल – बबलू कोलाय (सचिव), मदन मोहन घोष (संयुक्त सचिव), संजय दास (कोषाध्यक्ष) और अनु दत्ता (उपाध्यक्ष) – का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष 53 वर्षीय गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लेंगे, जिन्हें लोढ़ा समिति के निर्देशों के अनुसार कार्यकारी पदों पर छह साल की समय सीमा पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था। हाल के दिनों में विवादों की एक श्रृंखला के कारण सीएबी की छवि को नुकसान पहुंचा है, जबकि रणजी ट्रॉफी टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है। वित्त समिति के सदस्य सुब्रत साहा पर हाल ही में दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा हितों के टकराव का दोषी पाए जाने पर उन्हें उप-समिति की गतिविधियों से प्रतिबंधित कर दिया गया।

# अभिषेक का तूफानी अर्धशतक, भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया



**दुबई :** अभिषेक शर्मा (74 रन, 39 गेंद, छह चौके, पांच छक्के) के तूफानी अर्धशतक और शुभमन गिल (47 रन, 28 गेंद, आठ चौके) के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की बदौलत भारत ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर जोरदार जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए साहिबजादा फरहान की शानदार पारी के सहारे पांच विकेट पर 171 रन बनाए। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19वें ओवर में चार विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। तिलक वर्मा ने 19 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों से नाबाद 30 रन की तेजतर्रार पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। भारत को शानदार शुरुआत दिलाने वाले अभिषेक और गिल ने पहले विकेट के लिए मात्र 9 ओवर में 105 रन जोड़ दिए। दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में ही 69 रन बना डाले। अभिषेक ने शाहीन शाह अफरीदी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा और लगातार आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने 24 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। गिल ने भी बेहतरीन शॉट लगाए और पारी को गति दी। गिल और अभिषेक के आउट होने के बाद भारत ने कुछ विकेट गंवाए लेकिन वर्मा और सैमसन ने पारी को संभाला। अंतिम ओवरों में वर्मा ने फहीम और शाहीन पर छक्के-चौके लगाकर जीत सुनिश्चित की। इससे पहले पाकिस्तान की ओर से फरहान ने 45 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। उन्होंने सईम अयूब (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। मोहम्मद नवाज (21) और फहीम अशरफ (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। भारत की ओर से शिवम दुबे ने 33 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को एक-एक सफलता मिली। जसप्रीत बुमराह महंगे साबित हुए और चार ओवर में 45 रन लुटा बैठे। मैच के दौरान एक बार फिर भारतीय और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बीच हाथ मिलाने की परंपरा नहीं निभाई गई। लीग मैच की तरह इस बार भी खिलाड़ी आपस में नहीं मिले। भारत की इस जीत के साथ टीम ने सुपर चार चरण में अपने अभियान को मजबूत किया और फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिए।

### टीम ने मेरा काम आसान बना दिया: सूर्यकुमार यादव

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान पर छह विकेट की जीत के बाद कहा कि टीम ने अपने प्रदर्शन से उनका काम आसान बना दिया है। सूर्यकुमार ने कहा कि पाकिस्तान के अच्छी शुरुआत करने के बावजूद भारतीय टीम ने धैर्य नहीं खोया।

## मिथुन मन्हास ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया



**मुंबई:** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया जिससे क्रिकेट जगत हैरान रह गया। मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक के अपने लंबे घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 55 आईपीएल मैच खेले। वह रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बिन्नी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था। नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद 45 वर्षीय मन्हास का नाम सामने आया। इस बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड में कुछ अन्य प्रमुख पदों को अगले रविवार को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान भरा जाएगा। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया को बताया, ''अगले कार्यकाल के लिए एक नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। मिथुन मन्हास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया है। अरुण धूमल आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष हैं और वह इस पद पर बने रहेंगे।'' नामांकन दाखिल करने वालों में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष अरुण धूमल और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट शामिल हैं। भट बोर्ड का कोषाध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं। अब तक कोषाध्यक्ष रहे प्रभतेज भाटिया संयुक्त सचिव के रूप में रोहन गौंस देसाई की जगह लेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह शीर्ष परिषद में दिलीप वेंगसरकर की जगह लेंगे। सैकिया ने बीसीसीआई के सचिव पद पर बने रहने के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में यह पद संभाला था। सैकिया ने कहा, ''मैं पिछले कुछ महीनों से सचिव हूं। मेरे साथी चाहते थे कि मैं इस पद पर बना रहूं इसलिए मैंने नामांकन दाखिल किया।'' सैकिया ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का चयन कुछ दिनों में किया जाएगा।

## स्वियातेक ने कोरिया ओपन खिताब जीता




**सोल (दक्षिण कोरिया):** शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त कैटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर रविवार को कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया। स्वियातेक ने तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में पांच बार सर्विस गंवाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए यह इस साल का तीसरा और कुल मिलाकर 25वां खिताब है। पोलैंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता था और जुलाई में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए फाइनल में उनका रिकॉर्ड अब 25-5 हो गया है।

## भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से हराया



**ब्रिसबेन:** युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के आक्रामक तेवरों के बाद विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू और वेदांत त्रिवेदी के नाबाद अर्धशतकों से भारत अंडर-19 क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां पहले युवा एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने नौ विकेट पर 225 रन ही बना सकी। इसके बाद मेहमान टीम ने इयान हीली ओवल में 117 गेंदे शेष रहते तीन विकेट गंवाकर आसानी से 227 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें कुंडू और त्रिवेदी क्रमशः 87 और 61 रन बनाकर नाबाद रहे। सभी की नजरें 14 वर्षीय सूर्यवंशी पर टिकी थीं जिन्होंने केवल 22 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। सूर्यवंशी का दबदबा इतना था कि कप्तान आयुष म्हात्रे ने उनके साथ पहले विकेट की 50 रन की साझेदारी में केवल छह रन बनाए। सूर्यवंशी को तेज गेंदबाज हेडन शिलर (59 रन पर एक विकेट) ने आउट करके ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। दो गेंद बाद चार्ल्स लैचमुंड (46 रन पर दो विकेट) ने म्हात्रे (06)को आउट कर दिया। विहान मल्होत्रा भी नौ रन बनाने के बाद लैचमुंड का शिकार बने जिससे 10वें ओवर में भारत का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया और ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर जीत की उम्मीद जगी। हालांकि त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और टीम को केवल 30.3 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कुंडू ने 74 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और आठ चौके लगाए जबकि त्रिवेदी ने 69 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके लगाए। लचमुंड ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के सबसे सफल गेंदबाज रहे।



## जीएसटी कटौती के बाद टीवी के दामों में 2,500 से 85,000 रुपये तक की गिरावट



**नयी दिल्ली:** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद टीवी कंपनियों ने कीमतों में 2,500 रुपये से लेकर 85,000 रुपये तक की कमी करने की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर राहत मिलेगी और त्योहारी सीजन में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। जीएसटी परिषद ने इस महीने की शुरुआत में 22 सितंबर (नवरात्रि के पहले दिन) से टीवी समेत कई उत्पादों पर कर दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है। इसके चलते 32 इंच से बड़े टीवी सेट सस्ते हो गए हैं। सोनी, एलजी और पैनासोनिक जैसी प्रमुख कंपनियों ने नई कीमतें जारी की हैं।

**सोनी इंडिया** ने 43 इंच से 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी मॉडल पर 5,000 रुपये से 71,000 रुपये तक की एमआरपी में कटौती की है।

**एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स** ने 43 इंच से 100 इंच वाले टीवी सेट पर 2,500 रुपये से 85,800 रुपये तक कीमत कम की है।

**पैनासोनिक** ने भी अपने 43 इंच से 75 इंच मॉडल पर 3,000 रुपये से 32,000 रुपये तक कीमत घटाई है।

कंपनियों का कहना है कि कम कीमतों से उपभोक्ता बड़े स्क्रीन और एडवांस फीचर्स वाले टीवी खरीदने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इसके अलावा साउंड बार और पार्टी स्पीकर जैसे बंडल प्रोडक्ट्स की बिक्री में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। टीवी उद्योग ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में लगभग स्थिर बिक्री दर्ज की है, लेकिन नवरात्रि से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन में दहाई अंक की वृद्धि की उम्मीद की जा रही है।

## होटल में 7,500 रुपये तक किराये वाले कमरे सोमवार से 525 रुपये तक सस्ते होंगे

**नयी दिल्ली:** नई जीएसटी दरें लागू होने के साथ ही होटल में 7,500 रुपये या उससे कम किराये वाले कमरे सोमवार से 525 रुपये तक सस्ते हो जाएंगे। आतिथ्य क्षेत्र के दिग्गजों ने कहा कि होटल उद्योग के लिए, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के बिना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने से वृद्धि को समर्थन मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे राजस्व में वृद्धि होगी, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और होटल देश भर में मेहमानों को बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। इस समय 7,500 रुपये तक के दैनिक किराये वाले होटल के कमरों पर आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार, इस कटौती से कमरे का किराया सात प्रतिशत सस्ता होगा। इसी प्रकार यात्रियों को भोजन पर जीएसटी का लाभ भी मिलेगा। रेडिसन होटल समूह के दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) निखिल शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सरलीकृत कर संरचना होटल संचालकों और यात्रियों के लिए स्पष्टता लाएगी।

# चांदी ने इस साल अबतक दिया 49 प्रतिशत का रिटर्न; सोने, शेयर बाजार को पीछे छोड़ा



**नयी दिल्ली:** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर तथा इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक मांग से चांदी ने इस साल अबतक 49 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है और इस मामले में सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। उनका यह भी कहना है कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और जोखिम के बीच स्वच्छ ऊर्जा/सौर/ईवी क्षेत्र में मांग मजबूत बनी हुई है। ऐसे में कुछ सावधानियों के साथ जोखिम क्षमता के आधार पर चांदी अब भी निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) में चांदी बीते वर्ष 87,233 रुपये प्रति किलोग्राम थी जो 19 सितंबर, 2025 तक 49.14 प्रतिशत उछलकर 1,30,099 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''इस साल चांदी की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, जिसका कारण अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख और फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) द्वारा ब्याज दर में कटौती को लेकर बढ़ती उम्मीदें थीं। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर एवं इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों की मजबूत औद्योगिक मांग ने इस धातु को और मजबूत किया।'' उन्होंने कहा, ''इसके साथ कम आपूर्ति की स्थिति और सोने की रिकॉर्ड तेजी से भी चांदी को समर्थन मिला। वैश्विक संकेतों के अलावा, डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपया घरेलू बाजार में चांदी को और बढ़ावा दे रहा है।'' रिटर्न के लिहाज से चांदी ने सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। चांदी ने सालाना आधार पर जहां इस साल अब तक 49.14 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, वहीं सोना 43.2 प्रतिशत और शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी क्रमशः 5.74 प्रतिशत और 7.1 प्रतिशत चढ़े हैं।

### भारत रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी में चार दिन में 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री

**मुंबई:** अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने रविवार को कहा कि चार दिन की भारत रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी (जीजेएस-2025) - दिवाली संस्करण - में लगभग 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री हुई। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने बयान में कहा, ''जीजेएस का यह संस्करण वास्तव में हमारे उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रहा है। भारत के कोने-कोने से आभूषण विक्रेताओं की उत्साही भागीदारी ने हमारे समुदाय की ताकत और एकता साबित की।'' उन्होंने कहा, ''लगभग 25 से 30 टन की बिक्री के साथ, जीजेएस-2025 ने सफलता के नए मानक स्थापित किए हैं। त्योहारी सत्र से ठीक पहले आयोजित इस प्रदर्शनी ने घरेलू उद्योग में नई ऊर्जा का संचार किया है।'' जीजेएस-2025 की शुरुआत 16 सितंबर को हुई और इसमें 700 से ज्यादा बूथ पर भारतीय आभूषण शिल्पकला का प्रदर्शन किया गया।

## जीएसटी कटौती: साबुन, पाउडर, कॉफी, डायपर, बिस्कुट, घी, तेल सस्ते होंगे

**नयी दिल्ली:** रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनियों ने जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की है। ऐसे में सोमवार से साबुन, पाउडर, कॉफी, डायपर, बिस्कुट, घी और तेल जैसी दैनिक जरूरत की वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। इस कदम से आगामी त्योहारी सत्र, जो नवरात्रि के साथ शुरू होता है, के दौरान खपत में वृद्धि और बिक्री में उछाल आने की उम्मीद है। एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी 2.0 के लाभों को बिना किसी देरी के उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है।



इन कंपनियों ने 22 सितंबर से साबुन, शैम्पू, बेबी डायपर, मंजन, रेजर और आफ्टर-शेव लोशन सहित अपने उत्पादों की अधिकतम खुदरा मूल्य की संशोधित सूची जारी की है। इसका मकसद उपभोक्ताओं को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती का लाभ देना है। प्रॉक्टर एंड गैंबल, इमामी और एचयूएल जैसी कंपनियों ने नई मूल्य सूची जारी की हैं। इसके बारे में कंपनियों की वेबसाइट के माध्यम से उनके संबंधित वितरकों और उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है। प्रॉक्टर एंड गैंबल ने अपने उत्पादों की एक संशोधित सूची जारी की है। इसमें उसने विक्स, हेड एंड शोल्डर्स, पैंटीन, पैम्पर्स (डायपर), जिलेट, ओल्ड स्पाइस और ओरल-बी आदि ब्रांड के उत्पादों की कीमतों में कमी की है। पीएंडजी इंडिया ने बच्चों के देखभाल से जुड़े उत्पादों के दाम भी कम किए हैं। इन उत्पादों में डायपर पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत और बेबी वाइप्स पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो जाएगा। नई दरें 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी जिलेट और ओल्ड स्पाइस की कीमतों में भी कमी करने जा रही है। इमामी बोरोप्लस एंटीसेप्टिक क्रीम, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल और झंडू बाम आदि की कीमतें भी कम हो रही हैं। एचयूएल ने भी जीएसटी सुधारों के बाद 22 सितंबर से डव शैम्पू, हॉर्लिक्स, किसान जैम, ब्रू कॉफी, लक्स और लाइफबॉय साबुन सहित अपने उपभोक्ता उत्पाद रेंज की कीमतों में कमी करने की घोषणा की है।

## न्यूज अपडेट

### जीएसटी कटौती: पतंजलि फूड्स ने उत्पादों की कीमत घटाई, सोयाबीन बड़ी 20 रुपये किलो सस्ती

**नयी दिल्ली:** पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने सोमवार से सोयाबीन बड़ी सहित विभिन्न उत्पादों की अधिकतम खुदरा कीमतों (एमआरपी) में कमी की है। कंपनी ने जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देने के तहत यह कदम उठाया। पतंजलि फूड्स ने रविवार को एक बयान में जीएसटी युक्तिकरण के अनुरूप अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के एमआरपी को कम करने की जानकारी दी। बयान में कहा गया कि संशोधित कीमतें खाद्य और गैर-खाद्य श्रेणियों की पूरी श्रृंखला पर लागू होंगी। पतंजलि फूड्स ने सोयाबीन बड़ी की कीमतें भी घटाई हैं। न्यूट्रेला चंक्स, मिनी चंक्स और ग्रैन्यूल्स (एक किलो पैक) सोमवार से 190 रुपये में बिकेंगे, जो अभी 210 रुपये में मिलते हैं। इसके अलावा 200 ग्राम वाले पैक में तीन रुपये की छूट मिलेगी। बिस्कुट और कुकीज श्रेणी में दूध बिस्कुट (35 ग्राम) की एमआरपी पांच रुपये से घटाकर 4.5 रुपये कर दी गई है। नूडल्स में पतंजलि ट्विस्टी टेस्टी नूडल्स (50 ग्राम) अब 10 रुपये की जगह 9.35 रुपये में बेचा जाएगा। पतंजलि फूड्स ने दांतों और बालों की देखभाल के उत्पादों की दरें भी कम कर दी हैं। दंत कांति नेचुरल टूथपेस्ट 200 ग्राम की एमआरपी 120 रुपये से घटाकर 106 रुपये कर दी गई है। केश कांति आंवला हेयर ऑयल (100 मिली) की खुदरा कीमत सोमवार से 48 रुपये से घटकर 42 रुपये हो जाएगी। इसी प्रकार, स्वास्थ्य एवं आरोग्य उत्पादों में आंवला जूस (एक लीटर) सोमवार से 140 रुपये में बेचा जाएगा, जबकि वर्तमान में इसकी कीमत 150 रुपये है।

### समुद्री खाद्य प्रदर्शनी में 15 से अधिक देशों की कंपनियां भाग लेंगी

**नयी दिल्ली:** अमेरिका, यूरोपीय संघ, वियतनाम, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, बेल्जियम, जापान और चीन जैसे प्रमुख बाजारों सहित 15 से अधिक देशों के प्रतिभागी बृहस्पतिवार से शुरू होने वाली समुद्री खाद्य प्रदर्शनी 'इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो' में भाग लेंगे। एक बयान में कहा गया है कि वैश्विक आयोजन का 24वां संस्करण 'वर्ल्ड फूड इंडिया-2025' का हिस्सा होगा, जो भारत सरकार का प्रमुख वैश्विक खाद्य नवाचार कार्यक्रम है। एशिया का प्रमुख समुद्री खाद्य व्यापार मेला, इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो (आईआईएसएस-2025), 25 से 28 सितंबर तक नयी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सीफूड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीईएआई) द्वारा किया जा रहा है। बयान के अनुसार, इसमें 260 से अधिक स्टॉल, तकनीकी सत्र और गोलमेज परिचर्चाएं शामिल होंगी। इसमें अमेरिका, यूरोपीय संघ, वियतनाम, यूएई, जर्मनी, बेल्जियम, जापान, चीन सहित 15 से अधिक देशों के प्रतिभागी भाग लेंगे।

### शाओमी ने दिवाली 2025 पर लॉन्च किए शानदार उत्सवी ऑफर, स्मार्टफोन से टीवी तक भारी छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस दिवाली शाओमी इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए अपने अब तक के सबसे बड़े उत्सवी अभियान की शुरुआत की है। कंपनी स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, टैबलेट और इकोसिस्टम उत्पादों पर 60 प्रतिशत तक की बचत का अवसर प्रदान कर रही है। यह सेल 22 सितंबर 2025 से एमआई.कॉम, अमेजन, फ्लिपकार्ट और देशभर के रिटेल पार्टनर्स पर उपलब्ध होगी। स्मार्टफोन श्रेणी में रेडमी नोट 14 प्रो+ 5जी अब 24,999 (10,000 की छूट) और रेडमी 14सी 5जी 8,999 में उपलब्ध है। वहीं, शाओमी पैड 7 22,999 और रेडमी पैड एसई 4जी 7,999 में मिल रहा है। टीवी सेगमेंट में शाओमी सिनेमैजिकक्यूएलईडी एक्स प्रो सिर्फ 25,999 और फैंटास्टिकक्यूएलईडी एफएक्स प्रो 21,999 में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा, पावरबैंक, स्मार्ट वॉच, बड्स और एयर प्यूरीफायर पर भी शानदार ऑफर उपलब्ध हैं। ग्राहक चुनिंदा बैंक ऑफर और ईएमआई विकल्पों के जरिए 5,000 तक अतिरिक्त बचत भी कर सकते हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3365 अंक 175, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in